वर्ष : 33 ▸ अंक : 339 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, सोमवार, 24 फरवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



8 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी का बदला

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंदा

## • सेमीफाइनल में शानदार एंट्री

**एजेंसी । दुबई**

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के तहत खेले गए मुकाबले में भारत ने शानदार जीत दर्ज कर 2017 के मुकाबले का बदला ले लिया है। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेटों से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार पारी खेलते हुए शतक बनाए। इस मुकाबले में भारत की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की काफी शानदार रही।



### कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए

इसके अलावा मोहम्मद रिजवान ने 77 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेली। बाबर आजम 26 गेंदों पर 23 रन ही बना सके। आखिर में खुशदिल शाह ने 39 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को दो विकेट मिले। हालांकि आज के मैच में शमी को एक भी विकेट नहीं मिले। लेकिन इस मुकाबले में अक्षर पटेल की फील्डिंग देखने लायक थी।

वहीं 242 रनों का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया। इस मुकाबल में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए हैं। उन्होंने 111 गेंदों में अपना वनडे में 51वां शतक जड़ा है। भारत के लिए उनके बाद सबसे ज्यादा रन श्रेयस अय्यर ने बना, उन्होंने 56 रन बनाए। फिर शुभमन गिल 46 रन, रोहित शर्मा 20 रन, हार्दिक पांड्या ने 8 रन और अक्षर पटेल ने 3 रन बनाकर नादाब रहे। अब भारती की अलगी भिड़ंत दो मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होना है।

### पाकिस्तान का अब सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता काफी हद तक बंद

भारत के खिलाफ मुकाबला हारते ही पाकिस्तान का अब सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता काफी हद तक बंद हो गया है। अब भगवान ही इन्हें सेमीफाइनल तक पहुंचाने का काम करेगा। लेकिन भारतीय फैंस इस बात से तो काफी खुश हैं कि भारत ने 2017 का बदला आखिकार ले ही लिया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पाक का ये फैसला शुरुआत में तो सही साबित होते हुए देखने मिला, लेकिन बाद में ये फैसला पूरी तरह से गलत नजर आया। लगातार गिरते हुए विकेट की वजह से पाकिस्तान की पारी 49 ओवर की 4 गेंद पर ही खत्म हो गई। इस दौरान पाकिस्तान के सभी बल्लेबाज आउट हो गए। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 62 रन साउद शकील ने बनाए।

## हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह बेरूत में दूसरी बार दफन

**एजेंसी । बेरूत**


हिज्बुल्लाह के चीफ रहे हसन नसरल्लाह को बेरूत के कैमिली चामौन स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में अंतिम विदाई दी जा रही है। इस दौरान वहां हजारों की संख्या में लोग मौजूद हैं। इजरायल ने नसरल्लाह को 27 सितंबर को लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में मार गिराया था। उसके करीब 5 महीने बाद उनको दोबारा दफनाया जा रहा है। यहां मौजूद हिज्बुल्लाह के महासचिव शेख नईम कासिम ने नसरल्लाह के रास्ते पर चलने की कसम खाई है। स्टेडियम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए शेख कासिम ने कहा, 'हम हर वादे का पालन करेंगे और शहीद सैय्यद हसन नसरल्लाह के रास्ते पर चलते रहेंगे। भले ही हम सभी मारे जाएं। हम अपने दुश्मनों की कैद मौजूद अपने लोगों को नहीं भूलेंगे। उन्हें छुड़ाने के लिए दुश्मन पर हर संभव दबाव डालेंगे।'

# 3 मार्च से 26 मार्च तक राज्य विधानमंडल का सत्र

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र 3 मार्च से 26 मार्च तक मुंबई में होगा। राज्य का बजट 10 मार्च को विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। रविवार को मुंबई में विधानसभा और विधान परिषद की कार्य सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सत्र की कार्यवाही को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे, विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, शंभूराज देसाई, विधायक प्रसाद लाड, प्रवीण दारेककर, एडवोकेट शामिल हुए।

### 10 मार्च को पेश होगा बजट



### सीएम ने की ग्रामीण विकास विभाग की सराहना

इस दौरान सीएम ने ग्रामीण विकास विभाग के योगदान की सराहना। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इतने अच्छे तरीके से किया गया काम सराहनीय है। सीएम ने ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे, जिला परिषद की टीम, जिला अधिकारियों और सभी विभिन्न विभागों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने परियोजना में किए गए प्रयासों की तारीफ की, साथ ही वहां मौजूद लोगों को याद दिलाया कि काम जारी है। फडणवीस ने कहा कि आपका काम अभी शुरू हुआ है, यह अभी पूरा नहीं हुआ है।

### होली पर कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय

बजट सत्र के दौरान शनिवार 8 मार्च को सार्वजनिक अवकाश होने के दिन भी विधानमंडल की कार्यवाही जारी रहेगी, जबकि 13 मार्च 2025 को होली के अवसर पर कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय इस बैठक में लिया गया। इससे पहले सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आवास परियोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र राज्य सरकार 15 ।1 लाख परिवारों को घर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। हम इस उद्देश्य के लिए 70,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रहे हैं और सौर ऊर्जा को जोड़ने के साथ, यह निवेश धीरे-धीरे बढ़कर करीब 1 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा

## ▸▸ भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर कही ये बात

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया है। उन्होंने भीड़ का प्रबंधन कैसे हो रहा है, ये देखने के लिए स्टेशन का दौरा किया।



### सामने आया बयान

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच नियंत्रण और भीड़ नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए गए हैं। अगर यात्रियों के पास आरक्षित टिकट है, तो वे सीधे स्टेशन के अंदर जाएंगे। जिनके पास टिकट नहीं है, वे पहले होल्डिंग एरिया में जाएंगे। उन्हें सीधे होल्डिंग एरिया में ले जाने की व्यवस्था की गई है। अनारक्षित टिकटों के सभी काउंटर पहली मंजिल से हटा दिए गए हैं और होल्डिंग एरिया में काउंटर बनाए गए हैं ताकि केवल टिकट खरीदने वाले ही स्टेशन में प्रवेश कर सकें। यह विश्लेषण उत्तर रेलवे के वॉर रूम में किया जा रहा है।'


### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची थी भगदड़

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीते दिनों भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के सामने आने के बाद खूब हंगामा हुआ था और मौके पर तमाम राजनेता और अधिकारी पहुंचे थे। ये घटना बीते 15 फरवरी की रात घटी थी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 13 और 14 पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल था। ये हादसा रात 9 .30 बजे के आसपास हुआ था। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को ढाई-ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल यात्रियों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया था। पीएम मोदी ने भी इस घटना पर शोक जताया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा था, 'नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से दुख पहुंचा है। मेरी सहानुभूति उनके साथ है जिन्होंने अपनों को खो दिया। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। प्रशासन भगदड़ से प्रभावित होने वालों का पता लगा रहा है।'

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में भूकंप के झटके, 3.8 रही तीव्रता

**एजेंसी । जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में रविवार को भूकंप के झटकों से धरती हिल गई। रविवार (23 फरवरी) रात करीब 20:47 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर3 ।8 नापी है। वहीं भूकंप का केंद्र कुपवाड़ा, जम्मू और कश्मीर बताया जा रहा है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) के अनुसार भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोगों में दहशत का माहौल बन गया



और वो अपने घरों से बाहर निकल आए। वैसे ये कोई पहला मौका नहीं हा जब कुपवाड़ा में भूकंप आया हो, इससे पहले भी कई बार यहां भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। वहीं इससे पहले उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रविवार को ही भूकंप के झटके झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 बताई गई थी। वहीं राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) के अनुसार भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि इस भूकंप से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### जानमाल का नहीं हुआ कोई नुकसान

वहीं भूकंप गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी इसका असर देखने को मिला था। स भूकंप का केंद्र धौला कुआं, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में था और इसकी गहराई सिर्फ 5 किलोमीटर थी। हालांकि इस दौरान किसी भी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था। भूकंप इतना तेज था कि काफी देर तक धरती हिलती रही।

### इससे पहले भूकंप से कांपा था दिल्ली-एनसीआर


बीते एक हफ्ते के अंदर ये तीसरा मौका है जब देश में भूकंप आया है। हाल में दिल्ली एनसीआर में जोरदार भूकंप आया था, जिसका केंद्र दिल्ली रहा था। सुबह करीब 5 :36 बजे आए इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई और वो अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। ये भूकंप उस समय आया था जब ज्यादातर लोग सो रहे थे। उसी दौरान अचानक से जमीन हिलने लगी और लोग डर गए। रिक्टर स्केल पर में भूकंप की तीव्रता 4 .0 मापी गई थी।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला

# पहले बेटी गंवाई और अब डेथ सर्टिफिकेट के लिए लगा रहे चक्कर

**एजेंसी । कोलकाता**

पिछले साल अगस्त में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई युवा महिला चिकित्सक के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि उन्हें अब तक कोलकाता नगर निगम (केएमसी) से अपनी बेटी का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिला है। भले ही पानीहाटी नगर पालिका ने दाह संस्कार प्रमाण पत्र जारी कर दिया हो, लेकिन मृत महिला डॉक्टर के माता-पिता ने दावा किया है कि उन्हें अभी तक केएमसी से उसका मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिला है। माता-पिता ने कथित तौर पर बताया कि केएमसी ने उन्हें बताया था कि आरजी कर अस्पताल के अधिकारी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करेंगे। हालांकि, अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि केएमसी को इसे प्रदान करना था।





### केएमसी जारी करता है डेथ सर्टिफिकेट

पीड़िता के माता-पिता के अनुसार, आरजी कर अस्पताल के अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि केएमसी को अस्पताल में होने वाली सभी मौतों के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें लाए गए मृत मामले भी शामिल हैं। यह एक तरह की विडंबना है कि आरोपी को दोषी ठहराए जाने के बावजूद, पीड़िता का मृत्यु प्रमाण पत्र छह महीने से अधिक समय बाद भी लटका हुआ है।

### आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई

पिछले साल 9 अगस्त को 31 वर्षीय जूनियर डॉक्टर का शव आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में अर्धनग्न हालत में मिला था। उसकी मौत से बड़े पैमाने पर जन आक्रोश फैल गया। पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए। सीबीआई ने कोलकाता पुलिस के एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। 20 जनवरी को ट्रायल कोर्ट ने मामले में एकमात्र दोषी संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सीबीआई ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग की थी। 11 नवंबर, 2024 को मुकदमा शुरू हुआ और इसे पूरा होने में 59 दिन लगे, लेकिन कोर्ट के फैसले के बावजूद पीड़िता का परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है और आरोप लगा रहा है कि इस मामले में और भी आरोपी हैं, उन्हें बचाया जा रहा है।

# जहान-ए-खुसरो' में PM मोदी की शिरकत



**एजेंसी । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 28 फरवरी को दिल्ली में सूफी संगीत समारोह 'जहान-ए-खुसरो' के रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस बाबत 'जहान-ए-खुसरो' के संस्थापक और फिल्मकार मुजफ्फर अली ने आज यानी रविवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री आगामी 28 फरवरी को दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित होने वाले सूफी संगीत समारोह की रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस बाबत जानकारी देते हुए फिल्मकार मुजफ्फर अली ने आज कहा कि, 'यह रजत जयंती संस्करण सूफी परम्पराओं के शाश्वत ज्ञान को फिर से खोजने और उस सद्भाव का जश्न मनाने का एक मौका है, जो हम सभी को एकता के सूत्र में बांधता है। दिल्ली में इस सूफी संगीत समारोह की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री की उपस्थिति भारत की महान आध्यात्मिक समग्रता का प्रमाण है।'

# 'भारत में USAID ने की 7 प्रोजेक्ट्स की फंडिंग'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत में चुनावों को प्रभावित करने में अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (USAID) की कथित भूमिका पर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच, वित्त मंत्रालय की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एजेंसी ने 2023-24 में 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 65 अरब रुपये) के 7 प्रोजेक्ट्स की फंडिंग की थी।

लेकिन इनमें से कोई भी परियोजना चुनावों या मतदान प्रतिशत बढ़ाने से जुड़ी हुई नहीं है। वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 'वर्तमान में, भारत सरकार के साथ साझेदारी में यूएसएआईडी द्वारा 750 मिलियन

### केंद्र ने बताया कहां इस्तेमाल हुए 65 अरब रुपये




अमेरिकी डॉलर (लगभग) के कुल बजट की सात परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए, सात परियोजनाओं के तहत यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) द्वारा कुल 97 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग 825 करोड़ रुपये) का दायित्व बनाया गया है।

### चुनाव या वोटर टर्नआउट के लिए कोई फंडिंग नहीं

वित्त मंत्रालय के अधीन काम करने वाले डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स, ने रिपोर्ट में 2023-24 में USAID से फंडिंग प्राप्त करने वाली परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया है। बता दें कि डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स बाइलेटरल फंडिंग की देखरेख करने वाला नोडल विभाग है। वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि USAID ने जिन 7 प्रोजेक्ट्स की फंडिंग की, उनमें से एक भी चुनावों या मतदान प्रतिशत बढ़ाने से जुड़ी नहीं थीं। रिपोर्ट के मुताबिक USAID की फंडिंग कृषि और खाद्य सुरक्षा, जल, स्वच्छता और साफ-सफाई; नवीकरणीय ऊर्जा; आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य से संबंधित परियोजनाओं के लिए थी।

# महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच बंद हुई बस सर्विस

**एजेंसी । बेलगावी**

कर्नाटक के बेलगावी में सन्ना बालेकुंदरी के पास कन्नड़ बोलने के लिए केएसआरटीसी बस कंडक्टर पर हमले से कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा पर तनाव बढ़ गया है। परिणामस्वरूप, दोनों राज्यों के बीच बस सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। कोल्हापुर समेत कुछ इलाकों में शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक की बसें रोक दीं और विरोध प्रदर्शन किया। उपद्रवियों ने कथित तौर पर बसों पर भगवा झंडे बांध दिए और काली स्याही से उन पर 'जय महाराष्ट्र' लिख दिया।



इन घटनाओं के कारण कर्नाटक ने महाराष्ट्र के लिए सभी बस सेवाएं निलंबित कर दी हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की कि निप्पनी, चिक्कोडी और बेलगावी के रास्ते कोल्हापुर जाने वाली सभी केएसआरटीसी बसों को रोक दिया गया है। आमतौर पर दोनों राज्यों के बीच रोजाना 120 बसें चलती हैं। स्थिति के आधार पर आगे के निर्णय लिए जाएंगे।

# फिल्म में अच्छे रोल दिलाने के नाम पर महिला से रेप, 4 पर FIR

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



पुलिस ने रविवार को बताया कि फिल्म में अच्छे रोल दिलाने के बहाने 34 वर्षीय महिला के साथ कई मौकों पर बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में एक अन्य महिला, उसके पति और बेटी को भी आरोपी बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार इन लोगों पर पीड़िता को धमकाने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखती है और महाराष्ट्र के ठाणे शहर के माजीवाड़ा इलाके की निवासी है। पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। कपूरबावड़ी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला करीब तीन साल पहले पीड़िता के संपर्क में आई थी और उसने दावा किया था कि फिल्म इंडस्ट्री में ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से उसके संपर्क हैं। पीड़िता को बड़ा स्टार बनाने का वादा करने के बाद महिला उसे सिंगापुर ले गई, जहां उसने एक व्यक्ति से उसका परिचय कराया। जिसके बाद व्यक्ति पीड़िता को सिंगापुर में अपने घर ले गया और उसे ड्रिंक ऑफर की। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने वहां और मुंबई व अन्य स्थानों के होटलों में अलग-अलग मौकों पर उसके साथ रेप किया। साथ ही आरोपी महिला ने पीड़िता को उस व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हरकत करते हुए फिल्माया और उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि बाद में आरोपी महिला, उसके पति और उसकी बेटी ने पीड़िता को बार-बार फोन किया। साथ ही उसे धमकाया भी गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को उसकी जाति को लेकर भी कमेंट किए। फिलहाल पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को बलात्कार, आपराधिक धमकी और अन्य आरोपों के साथ-साथ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मामले में जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

# गिरीश महाजन ने स्कूलों में बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ियों पर गंभीर चिंता जताई

डीबीडी संवाददाता | नासिक

जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने राज्य के कुछ हिस्सों में फर्जी परीक्षा केंद्रों के प्रचलन पर चिंता व्यक्त की है, जहां छात्र स्कूल गए बिना ही परीक्षा पास कर रहे हैं। यह समस्या विशेष रूप से जलगांव जिले में प्रचलित है, जहां छात्र मराठवाड़ा और विदर्भ जाते हैं, फीस का भुगतान करते हैं और कक्षाओं में उपस्थित हुए बिना ही प्रवेश ले लेते हैं। महाराष्ट्र में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिल रही हैं। जलगांव जिला, जिसका प्रतिनिधित्व मंत्री गिरीश महाजन कर रहे हैं, भी अपवाद नहीं है। इस मुद्दे पर बोलते हुए महाजन ने जोर देकर कहा कि सरकार इन गड़बड़ियों को रोकने के लिए गंभीर है। नकल का प्रचलन आश्चर्यजनक है, कुछ छात्र केवल नकल के आधार पर परीक्षा पास कर रहे हैं। इससे उनके भविष्य को लेकर चिंता पैदा होती है, जो जांच का विषय है। ये छात्र अनुचित तरीकों से डिग्री प्राप्त करके शिक्षित बेरोजगार बन जाते हैं।

## कई स्कूल नकल में शामिल



मंत्री गिरीश महाजन ने स्कूलों में बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ियों पर गंभीर चिंता जताई है, जहां छात्र नकल करके और रिश्वत देकर परीक्षा पास कर रहे हैं। कई स्कूल इस संगठित नकल में शामिल हैं और यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। पिछली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया था। इसके बाद, कुछ शिक्षकों ने महाजन से मुलाकात की और इस तरह की कार्रवाई किए जाने पर छात्र नामांकन पर संभावित प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की लेकिन महाजन ने जोर देकर कहा कि छात्रों को पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और शिक्षकों को पढ़ाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रणाली में नकल और कदाचार के लिए कोई जगह नहीं है।

## पेपर लीक की खबरों का किया खंडन

हाल ही में कथित पेपर लीक और परीक्षा में नकल की घटनाओं को देखते हुए महाजन की चिंताएं जायज हैं। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मराठी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबरों का खंडन किया है, लेकिन जांच में बेईमानी के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर परीक्षा से संबंधित सामग्री फैलाने के प्रयासों का पता चला है।

## खबर संक्षेप

### संत गाडगेबाबा की जयंती पर महानगरपालिका द्वारा श्रद्धांजलि

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



महान समाज सुधारक संत गाडगेबाबा की जयंती के अवसर पर महानगरपालिका मुख्यालय में शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे ने संत गाडगेबाबा की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित सूचना और जनसंपर्क विभाग के उप आयुक्त संजय जाधव सहित अन्य कर्मचारियों ने भी संत गाडगेबाबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संत गाडगेबाबा के विचारों और उनके समाज सुधार के कार्यों को याद करते हुए सभी ने उनके योगदान को सराहा और उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

### शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के लिए नाटिका का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



मुंबई मराठी विज्ञान संघ और कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के संयुक्त प्रयास से आचार्य प्र.के. अत्रे रंगमंदिर में विद्यार्थियों के लिए एक नाटिका का आयोजन किया गया। इस नाटिका का शीर्षक 'भानामती' था, जिसे विजय शेळके ने लिखा और निर्देशित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था। नाटिका के माध्यम से यह दिखाया गया कि कैसे मोबाइल का अति उपयोग मानव जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। कार्यक्रम में कल्याण डोंबिवली महापालिका के शिक्षण विभाग के उपायुक्त संजय जाधव, शिक्षणाधिकारी विजय सरकटे, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। विजय सरकटे ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और इस प्रकार के प्रबोधनात्मक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर सौरमाला - 1 परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही, विज्ञान संघ ने महापालिका स्कूल क्रमांक एक और जिला परिषद स्कूल भिसोळ को पानी शुद्धीकरण यंत्र भेंट किए। इस कार्यक्रम में लगभग 600 से 650 विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य में अधिक कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में मध्य मुंबई विज्ञान संघ के अध्यक्ष जगदिश म्हात्रे, अमेय परब, प्रशांत वरळीकर, संतोष कुलकर्णी, किशोर सपकाळे, विक्रांत कदम, भरत हडकर, चंदू बिरारी, रेणुका सारस्वत और सुप्रिया निकम भी उपस्थित थे।

# भिवंडी न्यायालय में पेशी पर लाए गए आरोपी ने मचाया जमकर उत्पात

**आरोपी ने पुलिस वैन में उतारी अपनी पैंट, नग्न होकर दी गलियां, चार पर केस दर्ज**



डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी कोर्ट में पेशी के बाद न्यायालय परिसर में पुलिस की वैन में ही अपनी पेंट उतार कर नग्न होकर एक आरोपी ने जम कर बवाल काटा। इतना ही नहीं वैन में मौजूद पुलिसकर्मियों जिसमें महिला पुलिस थी को अश्लील गालियां देते हुए पुलिस को चुनौती तक देने लगा। शांतिनगर पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी, बहन, व एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार की दोपहर शांतिनगर के सुल्तान रोड भाजी मार्केट का रहने वाला मो. अली अब्दुल अजीज शेख (45) को पुलिस द्वारा कल्याण के आधार वाडी जेल से भिवंडी कोर्ट में एक मुकदमे की पेशी पर लाया गया था। न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जब आरोपी को वापस जेल ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई तो उस दौरान आरोपी ने न्यायालय के ग्राउंड फ्लोर में मौजूद शौचालय जाने की बात कही, लेकिन शौचालय का दरवाजा खुला न रखने को लेकर आरोपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस दल से दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय से बाहर निकाला और वैन में बैठाने की कोशिश की लेकिन आरोपी ने वहां भी अपनी पत्नी और बहन को देख जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया और पुलिस टीम को अश्लील गालियां देने लगा। तभी आरोपी मो.अली की पत्नी व बहन सहित एक अन्य व्यक्ति ने न्यायालय परिसर में अवैध रूप से भीड़ इकट्ठा कर पुलिस वालों से धक्का-मुक्की करने लगे। जैसे-तैसे आरोपी को पकड़ कर पुलिस ने वैन में बैठाया। जिस के बाद आरोपी ने पुलिस वैन में ही अपनी पैंट उतार दी और नग्न होकर महिला पुलिस समेत सभी पुलिस वालों पर लगातार गालियां देने लगा। इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने आरोपी मो.अली अब्दुल अजीज शेख, उसकी पत्नी, बहन व एक अन्य व्यक्ति सहित कुल चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 74, 79, 352, 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की कार्रवाई पुलिस उपनिरीक्षक वी. एस. पानकर कर रहे है।

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मिला निराश्रितों को घर: महेश चौघुले

**भिवंडी में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण की कर्यवाही संपन्न**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चरण दो के कम से कम 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित करने के लिए राज्य, जिला, तालुका और ग्राम पंचायत स्तर तक ऑडियो-विजुअल माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भिवंडी पंचायत समिति सभागृह में विधायक महेश चौघुले के हाथों से स्वीकृति पत्र एवं प्रथम किस्त का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति समूह विकास अधिकारी गोविंद खामकर, समूह विकास उपयंत्री आरएस नाले, सहायक समूह विकास अधिकारी इंद्रजीत काले, पूर्व उपसभापति गजानन असावरे सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि भिवंडी तालुका में इस योजना के तहत 4 हजार 500 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा और आज इस योजना के तहत स्वीकृति पत्र और 15 हजार रुपये की पहली किस्त वितरित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक महेश चौगुले ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना के माध्यम से हर निराश्रितों को घर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है और राज्य में नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व में प्रशासन ने इस योजना को वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाने का काम किया है।

# करोड़ों की ठगी मामले में बिल्डर और जमीन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर




अवैध इमारत बनाकर उसके 10 फ्लैट बेचकर फ्लैट मालिकों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले बिल्डर और जमीन मालिक के खिलाफ विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। उल्हासनगर-4 के चिंचपाड़ा क्षेत्र में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत वक्रतुंडा बिल्डर्स एंड डेवलपर्स कंपनी के सुभाष मारुति म्हात्रे ने अपने पार्टनर बिल्डर अभिषेक सुभाष चंद्र तिवारी और उनके सहयोगी राजेश कुमार भीकनलाल शर्मा के साथ मिलीभगत करके बिना किसी कानूनी या सरकारी अनुमति के 18/1/2017 को वक्रतुंडा नामक एक इमारत का निर्माण पूरा किया। कल्याण डोंबिवली मनपा ने इस इमारत को अनधिकृत घोषित कर दिया था। इसके बाद यह विवाद सिविल कोर्ट और उल्हासनगर हाईकोर्ट में चलता रहा। हालांकि, इसके बावजूद 2017 से 2023 के बीच वक्रतुंडा बिल्डर्स एंड डेवलपर्स ने अपने दफ्तर में फ्लैट बेचना जारी रखा।

शिकायतकर्ता दीपक सखाराम कनोरे (45) जब फ्लैट खरीदने गए। तो बिल्डरों ने सही जानकारी छिपाकर और आर्थिक धोखाधड़ी कर उन्हें फ्लैट 11 लाख 95 हजार रुपए में बेच दिया। इसी तरह बिल्डरों ने इस बिल्डिंग के अन्य नौ अपार्टमेंट मालिकों से 1 करोड़ 8 लाख 91 हजार रुपये लेकर उन्हें अवैध अपार्टमेंट बेचकर धोखाधड़ी की।

इस मामले में शिकायतकर्ता दीपक कनोरे ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने वक्रतुंडा बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के आरोपी सुभाष म्हात्रे, अभिषेक तिवारी और राजेश कुमार शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक बी.दराडे कर रहे हैं।

# विचाराधीन कैदी का अदालत में पुलिसकर्मियों पर हमला, मामला दर्ज कर लिया हिरासत में

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

कई बार लोग अपने गुस्से को कंट्रोल नहीं कर पाते। गुस्से में आकर क्या-क्या कर जाते हैं, लेकिन बाद में पछताते हैं। फिर भी गुस्सा कहां निकालना है, वो जगह पता हो। अन्यथा पछतावा भी नहीं कर पाते। कुछ ऐसा ही ठाणे में एक विचाराधीन कैदी के साथ हुआ। अब वो और भी बुरा फंस गया। शायद कानून के रास्ते जाता तो बच सकता था। दरअसल, महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में सुरक्षाकर्मियों के एक दल के साथ दुर्व्यवहार करने और उस पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक विचाराधीन कैदी और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

## आरोपी ने मांगी शौचालय जाने की अनुमति



शांति नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि यह घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब आरोपी समेत विचाराधीन कैदियों के एक समूह को सुनवाई के लिए आधारवाड़ी जेल से भिवंडी की एक अदालत में लाया गया था। अदालती कार्यवाही के बाद जब विचाराधीन कैदियों को वापस जेल ले जाया जा रहा था तो आरोपी ने शौचालय जाने की अनुमति मांगी।

## दरवाज़ा खुला रखने के निर्देश पर भड़क उठा

पुलिस ने उसे शौचालय जाने की अनुमति तो दे दी, लेकिन उसे दरवाज़ा खुला रखने और उसे अंदर से बंद न करने का निर्देश दिया, जिससे आरोपी भड़क उठा और उसने पुलिसकर्मियों को अपशब्द कहे। जब आरोपी को पुलिस वैन की ओर ले जाया जा रहा था तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर फिर अपशब्द कहे और वहां मौजूद अपने परिवार के सदस्यों को उन पर हमला करने को कहा।

## अश्लील भाषा का इस्तेमाल और अनुचित व्यवहार

अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पत्नी, बहन और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार ने पुलिसकर्मियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, पुलिस के वाहन में बैठते समय आरोपी ने एक महिला कांस्टेबल के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया और अनुचित व्यवहार किया।

## आरोपी अब जेल में

आरोपी और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अब भी जेल में है। वहीं, घटना के सिलसिले में उसके परिवार के सदस्यों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। प्राथमिकी में यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आरोपी को पहले किन आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# 2 साल से बनकर बंद पड़ा शौचालय बना जुआरियों और नशेड़ियों का अड्डा


डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



भिवंडी शहर के कामतघर इलाके के विनायक नगर में दो वर्षों में 30 लाख रुपये की लागत से एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया था। लेकिन आज तक शौचालय का शुरू नहीं होने के कारण शौचालयों में ताला लटका हुआ है, इससे नागरिकों को अत्यधिक कष्ट सहना पड़ता है। नागरिकों की शिकायत है कि इस बंद पड़े शौचालय क्षेत्र को जुआरियों और गरदुल्लों ने अपना ठिकाना बना लिया है। परेशान स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत पूर्व नगरसेवक कमलाकर पाटिल से की तो उन्होंने स्थानीय वार्ड समिति क्रमांक तीन के सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर को मौके पर बुलाया और मौके का निरीक्षण किया और चेतावनी दी कि यदि मंगलवार तक शौचालय नहीं खोला गया तो नागरिक शौचालय के डिब्बा के साथ मनपा मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# सेल्फी लेने के बहाने 3 नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर



उल्हासनगर में सेल्फी लेने के बहाने तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने 37 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार को उल्हासनगर टाउनशिप के ओटी सेक्शन इलाके में हुई जब स्कूल जाने के लिए लड़कियां ऑटो-रिक्शा का इंतजार कर रहीं थीं। लड़कियों में से एक की उम्र 8 वर्ष और दो अन्य 10 वर्षीय हैं। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर (क्राइम) विक्रम गौड़ ने बताया कि उसी इलाके का रहने वाला आरोपी सेल्फी लेने के बहाने नाबालिगों के पास पहुंचा। डरी हुई लड़कियां उनमें से एक लड़की के घर भाग गईं और अपना स्कूल बैग वहीं छोड़ दिया।अधिकारी ने बताया कि इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर लड़कियों के घर में घुसकर तीनों नाबालिगों को गलत तरीके से छुआ और फिर से उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। लड़कियों के शोर मचाने पर कुछ पड़ोसियों ने आरोपी को पकड़ लिया। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर, आरोपी को शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। एफआईआर में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम लगाने का कारण नहीं बताया गया है। मामले की जांच के तहत, पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और गवाहों के बयानों सहित अन्य सबूत एकत्र कर रही है।

# महानगरपालिका की संपत्ति कर वसूली में सख्त कार्रवाई, नागरिकों से जल्द भुगतान की अपील

डीबीडी संवाददाता | कल्याण




महानगरपालिका की संपत्ति कर वसूली में कमी के चलते, 2024-2025 के आर्थिक वर्ष के लिए 700 प्रतिशत (दंड/ब्याज) माफी की अभय योजना लागू की गई थी। यह योजना 14 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक चलायी गई थी। हालांकि, नागरिकों से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण इस योजना की समय सीमा 31 जनवरी 2025 तक बढ़ाई गई थी।

अभय योजना के तहत 31 जनवरी 2025 तक ब्याज माफी की राशि को छोड़कर, कुल वसूली केवल 334 करोड़ रुपये रही, जो मांग के मुकाबले अत्यंत कम है। इसके परिणामस्वरूप, संपत्ति धारकों को बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए बार-बार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। कुछ बकायेदारों की संपत्तियों का 17 फरवरी 2025 को नीलाम किया गया, लेकिन नीलामी में कोई प्रतिसाद नहीं मिलने के कारण पुनः नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। महानगरपालिका ने बकाया कर की वसूली के लिए कठोर कार्रवाई की योजना बनाई है, जिसके तहत लगभग 97 संपत्तियों को जब्त किया गया है, 208 संपत्तियों को सील किया गया है, और 149 नल कनेक्शन काट दिए गए हैं। इस प्रकार की कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे संपत्ति कर का भुगतान तुरंत करें, ताकि अप्रिय कठोर कार्रवाई से बचा जा सके। कर विभाग द्वारा यह संदेश सभी नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है।

# महायुति के खिलाफ विपक्ष एक

## अन्ना की मांग से बढ़ा दबाव, बावनकुले बोले- सीएम करेंगे विचार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

उप मुख्यमंत्री अजित पवार की राकां के धनंजय मुंडे और कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ये दोनों मंत्री विपक्ष के रडार पर हैं। लगातार इनकी मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी की मांग कर रहा विपक्ष अब बीजेपी और खासकर मुख्यमंत्री फडणवीस पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगा रहा है।

लेकिन देश में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के प्रणेता अन्ना हजारे द्वारा मंत्री मुंडे को मंत्रिमडल से निकालने तथा कोकाटे का मंत्री पद व विधायक का पद रद्द किए जाने की के कारण सरकार दबाव में आ गई है। महायुति सरकार के राजस्व मंत्री एवं बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री, अन्ना की मांगों पर गंभीरता पूर्व विचार कर रहे हैं। सरकार जल्द ही इस पर निर्णय लेगी।

### धनंजय और माणिकराव के खिलाफ गंभीर आरोप



सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने धनंजय मुंडे पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। तो वहीं बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद मंत्री धनंजय मुंडे भी सवालों के घेरे में आ गए। जबरन वसूली का विरोध करने की वजह से की गई सरपंच की हत्या मामले में गिरफ्तार कराड़ को धनंजय मुंडे का दायां हाथ माना जाता है। इस वजह से धनंजय, एवं पुलिस की भूमिका पर बीजेपी विधायक सुरेश धस, अंजलि दमानिया एवं मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल तक सवाल उठाते रहे हैं। जबकि माणिकराव कोकाटे व उनके भाई को 1995 दस्तावेजों में हेराफेरी करके सरकारी मकान हथियाने के मामले में एक अदालत ने दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा सुनाई है। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत "नैतिकता इस सरकार के इर्द-गिर्द भी नहीं फटक रही है। मुख्यमंत्री फडणवीस भ्रष्ट मंत्रियों के मामले में चुप क्यों हैं?" शिवसेना यूबीटी पूर्व मुख्यमंत्री व पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा क्या मुंडे और कोकाटे को संरक्षण देना ही बीजेपी का हिंदुत्व है?

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा राहुल गांधी और सुनील केदार के मामले में जिस तरह से झटपट कार्रवाई की गई थी, उसी तरह मंत्री कोकाटे के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

कांग्रेस सांसद व मुंबई प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने कहा राहुल गांधी, सुनील केदार और माणिकराव कोकाटे के लिए अलग-अलग न्याय क्यों? कोकाटे का विधायक दर्जा तुरंत रद्द किया जाए।

**विश्वास रखें, पक्षपात नहीं होगा**

इन आरोपों को देखते हुए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा, "13 अक्टूबर 2015 को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नियमों की अधिसूचना के अनुसार, संबंधित प्राधिकारियों द्वारा सात दिनों के भीतर आधिकारिक रूप से आदेश विधानमंडल को उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसके बाद, विधानमंडल को सात दिनों के भीतर इस पर अधिसूचना जारी करनी होगी। इसलिए निश्चिंत रहें, इस संबंध में कोई पक्षपात नहीं होगा।"

# तेज रफ्तार कार ने मां-बेटे को रौंदा; बेटे की मौके पर हुई मौत!

## डेढ़ साल के बच्चे की मौत-मां घायल

राजेश जायसवाल । मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक बार फिर रोड रेज की घटना हुई है। यहां वडाला में तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे फुटपॉथ पर सो रही महिला और उसके डेढ़ साल के बच्चे को कुचल दिया। इस हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जूझ रही है। यह हादसा शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि में वडाला के राम मंदिर के पास हुआ है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला के पति निखिल लोढ़े ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी प्रिया और दो बच्चों स्वरूप (5) और वर्धन (1.5) के साथ सड़क किनारे एक बस्ती में रहते थे। पिछले दिनों बीएमसी ने पुर्नवास योजना के तहत उनकी बस्ती को हटा दिया। इस बस्ती में रहने वाले आधे से अधिक परिवारों को तो बीएमसी ने रहने की जगह दे दी, लेकिन अभी भी कई परिवार हैं, जो फुटपॉथ पर जीवन गुजारने को विवश हैं। इसमें उनका परिवार भी शामिल है।



### फुटपॉथ पर सोए थे मां-बेटा

निखिल ने बताया कि मजबूरी में उसने एक किराए का कमरा तो लिया है, लेकिन उसका काफी सामान अभी भी फुटपॉथ पर पड़ा है। इसकी निगरानी के लिए उसकी पत्नी और डेढ़ साल का बेटा सामान के पास फुटपॉथ पर सो रहे थे। वहीं वह खुद अपने बड़े बेटे को लेकर खाना लाने दादर स्टेशन गए थे। इसी दौरान नशे में धुत कार चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए उनकी पत्नी और बेटे को कुचल दिया।

### कार चालक अरेस्ट

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को कॉल किया। इसके बाद आरएके मार्ग पुलिस ने आरोपी कार चालक कमल विजय रिया (46) निवासी भव्या हाइट्स वडाला को अरेस्ट किया है। पुलिस ने ही एंबुलेंस की मदद से उनके पत्नी बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनके बेटे को मृत घोषित किया है। वहीं उनकी पत्नी की हालात नाजुक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

## मोनालिसा केस

# निर्देशक सनोज मिश्रा ने की FIR, पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाकुंभ मेले से वायरल हुई मोनालिसा की खूबसूरती अब उनके लिए परेशानी का कारण बन गई है। बॉलीवुड निर्देशक सनोज मिश्रा के साथ जुड़ने के बाद सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं। इससे आहत निर्देशक ने मुंबई के अंबोली थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

सनोज मिश्रा ने जितेंद्र नारायण सिंह, वसीम रजवी, रवि सुधा चौधरी, माही आनंद, मारुत सिंह और अभिषेक उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी आरोपियों को नोटिस भेजा गया है।

### कैसे चर्चा में आईं मोनालिसा?

मोनालिसा महाकुंभ मेले में अपने माता-पिता के साथ मोती और माला बेचने आई थीं। इस दौरान एक यूट्यूबर ने उनका वीडियो बनाया, जो वायरल हो गया। इसके बाद लोग मेले में उनके साथ वीडियो बनाने लगे, जिससे परेशान होकर उनके पिता ने उन्हें घर भेज दिया।

### बॉलीवुड में मिला ऑफर

वायरल वीडियो देखने के बाद निर्देशक सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को फिल्मों में काम देने का ऑफर दिया। मोनालिसा ने अपने माता-पिता की सहमति से यह ऑफर स्वीकार कर लिया। इसके बाद वह सनोज मिश्रा के साथ केरल गईं और वहां के व्यवसायी बॉबी चेम्मनूर के कार्यक्रम में शामिल हुईं।

### मोनालिसा का वीडियो बयान

जब सोशल मीडिया पर उनके संबंधों को लेकर अफवाहें उड़ने लगीं, तो मोनालिसा ने खुद एक वीडियो जारी कर सभी आरोपों का खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके और सनोज मिश्रा के बीच कोई गलत संबंध नहीं हैं। अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

# नीलम गोरहे के बयान पर गरमाई सियासत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राजधानी दिल्ली में अखिल मराठी साहित्य सम्मेलन चल रहा है। एक कार्यक्रम में शिंदे गुट की नेता और विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे मौजूद थीं। इस मौके पर उन्होंने कई राजनीतिक मुद्दों पर टिप्पणी की। उन्होंने ठाकरे गुट के मामलों और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व की भी कड़ी आलोचना की।

इस मौके पर नीलम गोरहे ने बयान दिया है कि अगर आप दो मर्सिडीज देंगे तो आपको ठाकरे गुट में एक पद मिलेगा। अब राजनीति ने जोर पकड़ लिया है और ठाकरे गुट के नेताओं ने भी जवाब देना शुरू कर दिया है। नीलम गोरहे के इस बयान का अब उद्धव ठाकरे ने जवाब दिया है।



### ठाकरे और राउत का पलटवार

शिवसेना ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने नीलम गोरहे द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों का जवाब दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा, मुझे दिखाओ मर्सिडीज कहां है? ये वो लोग हैं जो गुजर चुके हैं, मैं उन पर ध्यान नहीं देता। मैं एक महिला के तौर पर उनका सम्मान करता हूं। उन्होंने राजनीति में अच्छा काम किया है। उद्धव ठाकरे ने नीलम गोरहे को जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें ऐसे ही रहना चाहिए। वो भी मर्सिडीज में घूमते हैं तो उनकी प्यारी बहनों को पैसे क्यों नहीं मिलते? उन्हें यह क्यों नहीं दिखता? उद्धव ठाकरे ने नीलम गोरहे से कड़ा सवाल पूछा है। सांसद संजय राउत ने भी नीलम गोरहे के बयान पर कड़ी नजर डाली है। सांसद राउत ने कहा कि अगर नीलम गोरहे को उद्धव ठाकरे ने चार बार विधायक बनाया है, तो क्या उन्होंने उद्धव ठाकरे को आठ मर्सिडीज दी हैं? अगर दी हैं, तो उन्हें रसीदें आदि लानी चाहिए। यह कहते हुए संजय राउत ने नीलम गोरहे पर कटाक्ष किया है।

**नीलम गोरहे का बयान**


साहित्य सम्मेलन के एक कार्यक्रम में नीलम गोरहे ने कहा, 'किसी भी कार्यकर्ता को कमतर आंकने की कोई वजह नहीं है। 2012 तक मैंने देखा है कि एकनाथ शिंदे के कार्यकर्ता शिवाजी पार्क में होने वाली बैठकों और सभाओं में उमड़ पड़ते थे। दूसरा पहलू यह है कि अगर नेता संपर्क नहीं चाहते हैं, तो हमारे वहां रहने का कोई मतलब नहीं है। यह एक सच्चाई है कि ठाकरे की शिवसेना में अगर आपको दो मर्सिडीज कार मिल जाती हैं, तो आपको एक पद मिल जाता है। जब तक बालासाहेब ठाकरे थे, तब तक हर जगह उनका ध्यान था। बाद में उनका झुकाव कम होने लगा और उसके बाद, हमें नहीं पता था कि वे हमसे कभी मिलेंगे ही नहीं।'

# बातों में उलझाकर महिलाओं के आभूषण चुराकर हो जाते थे फरार, 2 गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

ठाणे जिले और पड़ोसी मुंबई में कई महिलाओं के आभूषण चुराने के आरोप में पुलिस ने अहमदाबाद से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। जिसके अनुसार यह अपराध तब प्रकाश में आया जब पुलिस 4 फरवरी को यहां भायंदर इलाके में 60 वर्षीय महिला के आभूषण चोरी होने के मामले की जांच कर रही थी।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविराज कुर्हाड़े ने बताया कि महिला भायंदर रेलवे स्टेशन से घर जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे बीच रास्ते में पकड़ लिया। इसके बाद बातों में उलझाकर 80000 रुपये मूल्य के आभूषण चुरा लिए। इसके बाद नवघर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।



अधिकारी ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य लोगों की मदद से सुरागों पर काम करने के बाद पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गुजरात के अहमदाबाद के रहने वाले हैं। अधिकारी ने बताया कि गुजरात पुलिस की मदद से 23 और 45 वर्षीय दो आरोपियों को अहमदाबाद के सरदार नगर इलाके से पकड़ा गया। जिसके बाद 19 फरवरी को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि उनके खिलाफ ठाणे और मुंबई के विभिन्न पुलिस थानों में इसी तरह के 10 अन्य मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से चोरी की गई कीमती वस्तुओं को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

# उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस को दिया बड़ा झटका



## अहिल्यानगर के अध्यक्ष ने थामा शिवसेना का हाथ

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट ने कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका दिया है। अहिल्यानगर से कांग्रेस अध्यक्ष किरण काले ने अब कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है। किरण काले के शिवसेना यूबीटी में शामिल होने की जानकारी सांसद संजय राउत ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पहले ही दे दी थी। सांसद संजय राउत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा था कि अहिल्यानगर कांग्रेस अध्यक्ष निडर सामाजिक कार्यकर्ता किरण दोपहर 12 बजे मातोश्री में शिवसेना (यूबीटी) पार्टी में शामिल हो रहे हैं! जो किशिवसेना यूबीटी में शामिल हो गए।

### शिवसेना यूबीटी में हुए शामिल


कांग्रेस अहिल्यानगर जिला अध्यक्ष किरण काले मातोश्री में शिवसेना यूबीटी पार्टी में शामिल हुए। पार्टी प्रमुख उद्धव साहेब ठाकरे ने उनकी कलाई पर शिव बंधन बांधकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शिवसेना नेता सांसद संजय राउत, उपनेता साजन पाचपुते, जिला प्रमुख शशिकांत गाडे, जिला प्रमुख रावसाहेब खेवरे के साथ ही अन्य पदाधिकारी व शिवसैनिक उपस्थित थे। कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष किरण काले ने कुछ समय पहले ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और बालासाहेब थोरात को भेजा था। उस समय उन्होंने कांग्रेस छोड़ने के पीछे की वजह का जिक्र नहीं किया था। तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना जॉइन कर सकते हैं। 10 फरवरी को इस्तीफ देने के बाद किरण काले ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बस इतना कहा था कि वह जल्द ही अपने अगले कदम की जानकारी देंगे और अपनी राजनीतिक दिशा स्पष्ट करेंगे। किरण काले का राजनीतिक सफर अविभाजित एनसीपी से शुरू हुआ था। कुछ समय बाद उनका विधायक संग्राम जगताप से विवाद हो गया और इसके चलते उन्होंने पार्टी छोड़ दी।

# 12 करोड़ की भांग जब्त, राजनीतिक संरक्षण के बिना संभव नहीं: हर्षवर्धन सपकाल

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बुलढाना जिले के एक खेत से 12 करोड़ रुपये मूल्य की भांग जब्त होने के बाद कांग्रेस के महाराष्ट्र अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध खेती बिना किसी राजनीतिक समर्थन के संभव नहीं हो सकती।

उन्होंने पुलिस से इस मामले की गहन जांच करने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि जब बुलढाना में मादक पदार्थों की खेती हो रही थी, तब पुलिस जबरन वसूली में व्यस्त थी। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने खेत से 12.6 करोड़ रुपये के भांग के पौधे जब्त किए और एक किसान को गिरफ्तार किया।



### सतर्कता बढ़ाने की जरूरत

कांग्रेस नेता ने कहा कि पारंपरिक खेती अब किसानों के लिए कठिन होती जा रही है, जिससे वे अवैध मादक पदार्थों की खेती करने को मजबूर हो रहे हैं। इस घटना के बाद पूरे जिले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है।


### 'छावा' को टैक्स फ्री करने की मांग

सपकाल ने सरकार से छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बनी फिल्म 'छावा' को कर मुक्त करने की भी मांग की। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार संवैधानिक कर्तव्यों की अनदेखी कर रही है और सत्ता बनाए रखने पर अधिक ध्यान दे रही है।

# ऑनर किलिंग का मामला: दबा दिया लड़की का गला

**मुंबई।** मुंबई से सटे नालासोपारा में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां एक कुंवारी बेटी के गर्भवती होने पर मां ने उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने की जांच में सामने आया है कि इस हत्या की घटना को अंजाम के लिए छोटी बहन ने मदद की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिससे इस पूरे मामले को खुलासा हो पाया। लड़की गर्भवती है। ये पता चलते ही मां ने गुस्से में आकर अपनी बड़ी बेटी अस्मिता दुबे (20) की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस को लड़की की मां ने फोन करके बताया कि उनकी बेटी ने खुदखुशी कर ली है। मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्होंने तुरंत शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने जे जे हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले में एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ हत्या का खुलासा



पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि मृतक की मां के हाथ सूजे हुए थे। साथ ही हाथ पर काटने के निशान भी थे थे। पुलिस को युवती की हत्या का संदेह हुआ। पुलिस मामले में जांच कर ही रही थी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। रिपोर्ट में पता चला कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। हत्यारोपी ममता दुबे (43) अपनी 2 बेटी और पति के साथ नालासोपारा के पश्चिम यशवंत गौरव फेज की विजय नगर में रहती थी।

### कुंवारी बेटी गर्भवती होने पर मां ने की हत्या

पति गांव गए हुए थे। इसी बीच मां को जैसे ही पता चला की बड़ी बेटी गर्भवती है उसने गुस्से में आकर अपनी बेटी का गला दबा कर हत्या कर डाली। पुलिस ने की जांच में सामने आया है कि इस हत्या को अंजाम देने के लिए छोटी बेटे ने उसका साथ दिया था। मां जब गला दबा रहीथी। इस दौरान छोटी बेटी ने पैर पकड़े हुए थे। हत्या का खुलासा होते ही पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही छोटी लड़की को बालसुधार घर भेज दिया है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फरवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली। मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवतः पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है। कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नज़दीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे। दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फिलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी। भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था। रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं। एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली। सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ पोस्ट किये थे। अमर्यादित व कई नफ़रती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाज़ा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा।

## शख्सियत — अनंत पाई

### भारतीय लेखक, चित्रकार, शिक्षाविद् और भारतीय कॉमिक्स



अनंत पई एक भारतीय लेखक, चित्रकार, शिक्षाविद् और भारतीय कॉमिक्स के अग्रणी हैं। कॉमिक्स के अलावा पाई व्यक्तित्व विकास के भी विशेषज्ञ थे। उन्होंने अगस्त 1978 में पार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की स्थापना की, जो बच्चों और किशोरों के लिए पत्राचार के माध्यम से व्यक्तित्व विकास कक्षाएं आयोजित करता था।

अनंत पई का जन्म 17 सितंबर 1929 को कर्नाटक के करकला में हुआ था। अंकल पाई को शिक्षा का शौक था और वे बच्चों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास के बारे में सिखाने के लिए कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करते थे। 1967 में, उन्होंने अमर चित्र कथा की स्थापना की, जो हास्य पुस्तकों की एक श्रृंखला थी, जो भारतीय पौराणिक कथाओं, लोककथाओं और ऐतिहासिक कहानियों को एक मनोरम और सुलभ प्रारूप में दोहराती थी।
ये कॉमिक पुस्तकें बच्चों और वयस्कों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गईं, जिन्होंने भारतीयों की पीढ़ियों को उनकी विरासत के बारे में शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंकल पाई का दृष्टिकोण भारत की सांस्कृतिक विरासत में गर्व की भावना पैदा करते हुए सीखने को मनोरंजक और आकर्षक बनाना था। अमर चित्र कथा के अलावा, अंकल पई ने 1980 में ट्विंकल पत्रिका भी बनाई, जो एक प्रिय हास्य पुस्तक श्रृंखला थी जिसमें बच्चों के मनोरंजन और शिक्षा के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पात्रों और कहानियों को शामिल किया गया था। अपने पूरे करियर के दौरान, अंकल पाई साक्षरता को बढ़ावा देने और बच्चों में पढ़ने के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि कॉमिक्स कल्पना, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। 24 फरवरी 2011 को उनका निधन हो गया है। बच्चों के साहित्य और शिक्षा में अंकल पाई के योगदान को व्यापक रूप से मान्यता मिली और उन्हें अपने काम के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिले, जिसमें 1980 में भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म श्री भी शामिल था।24 फरवरी, 2011 को अनंत पाई का निधन हो गया, लेकिन भारत में बच्चों के साहित्य और शिक्षा पर उनका प्रभाव स्थायी है। उन्हें हमेशा प्यारे 'अंकल पाई' के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने अनगिनत बच्चों की कल्पनाओं को जगाया और कहानी कहने के जादू के माध्यम से उनके जीवन को समृद्ध बनाया।

# ट्रम्प के सामने घुटने न टेके भारत



जगदीश रत्तनानी

यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें। दुनिया को फिर से ठीक-ठाक करने के अपने बेतुके प्रोजेक्ट को अंजाम देने में व्यस्त अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की है। इस तरह ट्रम्प के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मिलने वाले कुछ नेताओं में मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस मुलाकात पर कहा- ' यह स्पष्ट हो गया कि मोदी ट्रम्प को खुश करने वाले नवीनतम नेता थे।'
आत्ममुग्ध, अहंकारी, यहां तक कि आत्मकेंद्रित के रूप में वर्णित एक शक्तिशाली विश्व नेता को खुश करने में सिद्धांत रूप में कुछ भी गलत नहीं है। तो भी खुश करने की यह कोशिश उन स्थितियों और नीतियों के अति उत्साही समर्थन से अलग है जिन्होंने दुनिया भर में कई सवाल एवं चिंताएं खड़ी की हैं। भारत ने ट्रम्प की प्रशंसा एक प्रेरक नेता के रूप में की लेकिन यह सब कहीं न कहीं अलग क्षेत्र में चला गया जब 'विस्किट भारत' (विकसित भारत) का विचार 'मेगा' (एमएजीए 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का मतलब-'अमेरिका को फिर से महान बनाओ') की राजनीति की भाषा में बदल गया। मोदी ने इसे इस तरह व्यक्त किया- 'अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब है 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' यानी 'मिगा'- एमआईजीए। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं यानी 'मेगा जब 'मिगा' से जुड़कर काम करेगा तो समृद्धि के लिए 'मेगा' साझेदारी बनती है तथा यह मेगा भावना हमारे लक्ष्यों को नया पैमाना एवं दायरा देती है।' यह अतिशयोक्तिपूर्ण भाषा इस तथ्य के बावजूद आई कि मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने बिना किसी हिचकिचाहट के पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की जिसका स्पष्ट रूप से भारत पर असर पड़ेगा। ट्रम्प ने वास्तव में मोदी के साथ अपनी टिप्पणी में टैरिफ को रेखांकित करते हुए भारत को 'दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ वाला देश' कहा और कहा कि 'भारत जो भी शुल्क लेगा, हम उससे वसूलेंगे।' यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक नहीं है। यह हमेशा स्पष्ट था कि ट्रम्प अपने नियमों के अनुसार खेलेंगे और जैसा उन्होंने अन्य देशों के साथ किया है, वे भारत को दबाव में डालेंगे। उनके कुछ तरीके उनकी पुस्तक 'आर्ट ऑफ द डील' में बताए गए सरल विचारों पर आधारित हैं- एक अहंकारी रियल एस्टेट डेवलपर की मैनुअल जिसे अन्य क्षेत्रों और स्वयं जीवन में लागू करने के लिए बनाया गया है। 1997 में आई इस पुरानी किताब के अध्याय- 2 को 2005 में एक बड़े बाजार संस्करण में पुनः प्रकाशित किया गया जिसका शीर्षक है 'ट्रम्प काड्र्सः द एलिमेंट्स ऑफ द डील'। किताब इस प्रकार शुरू होती है- 'सौदा करने का मेरा तरीका काफी सरल व सीधा है। मैं बहुत ऊंचा लक्ष्य रखता हूं और फिर मैं बस जो चाहता हूं उसे पाने के लिए जोर लगाता रहता हूं। कभी-कभी मैं जितना चाहता हूं उससे कम पर समझौता कर लेता हूं लेकिन ज्यादातर मामलों में मुझे फिर भी वही मिलता है जो मैं चाहता हूं।'
अमेरिकी विदेश नीति हमेशा अमेरिकी हितों के बारे में रही है जो अल्पकालिक और एक साधन द्वारा चिह्नित है, जिसमें खुलेपन, लोकतंत्र या शांति के सिद्धांतों के कई खोखले दावे हैं। अब मुखौटा गिर गया है, मूल्यों का ढकोसला खत्म हो गया है और ताकत का नंगा खेल शुरू हो गया है। आगे बढ़ने की उम्मीद करते हुए भारत को इस साझेदारी को ध्यान से नेविगेट करने की आवश्यकता होगी और इसलिए भारत को पूछने व रेडलाइन तथा गैर-परक्राम्य की अपनी सूची के साथ तैयार रहना होगा। संक्षेप में कहें तो ट्रम्प के खेलने के तरीके का उपयोग ट्रम्प के खिलाफ ही करना होगा। यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें बजाय इसके कि वे दूसरे पक्ष की हर मांग के आगे झुक जाएं।
लेकिन विदेशी मामलों में भी राजनीतिक कटुता आ गई है। नौकरशाह से विदेश मंत्री बने एस. जयशंकर ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से कटाक्ष करके इसमें कुछ इज़ाफा किया है जो जाहिर तौर पर द्विदलीय समर्थन की कीमत पर भाजपा तथा प्रधानमंत्री के साथ उनकी स्थिति को सुरक्षित करता है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा अमेरिका में अनधिकृत भारतीयों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू करने के तरीके की औपचारिक और सार्वजनिक रूप से निंदा करने के लिए इस तरह की कटुता के बिना भी सर्वदलीय आम सहमति बनाना मुश्किल नहीं होना चाहिए था।
निर्वासन आदेशों के तहत भारतीय नागरिकों को भेजने के लिए सैन्य विमान का उपयोग और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा एक वीडियो में जंजीरों में बंधे भारतीय नागरिकों का वीडियो विधिवत प्रचारित करने का कृत्य अनुचित तथा भारतीय नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की कीमत पर भारत की नकारात्मक छवि दिखाने की कोशिश करता है।
यह चौंकाने वाली बात है कि भारतीयों के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जा रहा है जैसा वेनेजुएला के कुछ गिरोह के सदस्यों के साथ हो रहा है और जिन्हें 'बेहद खतरनाक व आपराधिक अवैध एलियंस' कहा जाता है तथा जिन्हें क्यूबा में अमेरिका संचालित कुख्यात ग्वांतानामो बे जेल शिविरों में भेज दिया गया है।
यहां उन अन्य मुद्दों की बात नहीं हो रही है जिन पर ट्रम्प आगे बढ़ना जारी रखेंगे। दोनों देशों की टीमों के बीच ऊर्जा सौदों और रक्षा आपूर्ति के बारे में चर्चा जारी है। अमेरिका के साथ भारत एक सीमा तक ही खेल खेल सकता है। भारत किस सीमा तक झुक सकता है यह बताने के लिए एक स्पष्ट रेखा खींचनी जरूरी है। ट्रम्प को खुश करने के लिए भारत को झुकना नहीं चाहिए।

## जीवन मंत्र

# मां-बाप की 5 गलतियों की वजह से बच्चे झूठ बोलना सीख जाते हैं

कुछ पैरेंट्स को लगता है कि अपने बच्चे के साथ सख्त व्यवहार करना ही बेहतर है। उनके मुताबिक यदि बच्चे में डर बना रहेगा तो वो किसी भी तरह का गलत काम करने से बचेगा और जाहिर है अच्छा इंसान ही बनेगा।

हर मां-बाप चाहते हैं कि उनका बच्चा आगे चलकर एक सफल और अच्छा इंसान बने। इसके लिए वो बचपन से ही उसकी सही परवरिश करने पर जोर देते हैं। अपनी पूरी कोशिश करते हैं कि बच्चे में किसी भी तरह की कोई गलत आदत ना आए। हालांकि कई बार जाने-अनजाने में वो खुद ही कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो बच्चे पर बहुत बुरा असर डालती हैं। आपने देखा होगा कि कुछ बच्चे बचपन से ही बहुत ज्यादा झूठ बोलना सीख जाते हैं। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं लेकिन कई बार पैरेंट्स की ही कुछ गलतियां बच्चों को झूठ बोलने पर मजबूर कर देती हैं। कई बार तो स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि बच्चा अक्सर ही मां-बाप से बातें छिपाने लगता है और झूठ का सहारा लेना सीख जाता है। आज हम पैरेंट्स की कुछ इन्हीं गलतियों का जिक्र करेंगे।
कुछ पैरेंट्स को लगता है कि अपने बच्चे के साथ सख्त व्यवहार करना ही बेहतर है। उनके मुताबिक यदि बच्चे में डर बना रहेगा तो वो किसी भी तरह का गलत काम करने से बचेगा और जाहिर है अच्छा इंसान ही बनेगा। लेकिन ऐसा कर के वो बच्चे को और भी ज्यादा झूठ बोलने और अपनी बातें छिपाने के लिए ही प्रेरित करते हैं। आपके सख्त व्यवहार से बच्चा गलतियां करना बंद नहीं कर देता है बल्कि वो गलतियां छिपाने में माहिर हो जाता है। मां-बाप का अपने बच्चों से उम्मीदें रखना लाजमी है। लेकिन कई पैरेंट्स बच्चे से इतनी ज्यादा उम्मीदें लगाकर बैठ जाते हैं कि बच्चों को घुटन महसूस होने लगती है। वो बच्चे से हर चीज में सबसे आगे रहने की उम्मीद करते हैं। जब बच्चा उनके मुताबिक अच्छा नहीं करता, तो कई बार वे बच्चे को भला बुरा सुनाने में भी कसर नहीं करते। इसी डर की वजह से बच्चे अक्सर झूठ का सहारा लेना सीख जाते हैं।
कई बार ऐसा होता है कि बच्चे गलती करने के बाद, पैरेंट्स के सामने सब कुछ सच बता देते हैं। यहां पैरेंट्स का फर्ज बनता है कि वो बच्चे को सुनें और उसे समझाएं ताकि वो दोबारा उस गलती को ना दोहराएं। लेकिन अक्सर पैरेंट्स इसका ठीक उल्टा करते हैं। वो बच्चे को उसकी गलती के लिए खूब डांटते या मारते हैं। ऐसे में बच्चे के मन में यह बात बैठ जाती है कि यदि वो सच बोलेगा तो उसके साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाएगा। अब जब बच्चा भविष्य में कोई भी छोटी-बड़ी गलती करता है, तो वो अपने पैरेंट्स से झूठ बोलकर उसे छिपाने की कोशिश करता है। कई पैरेंट्स छोटी-छोटी बातों पर भी काफी ओवर रिएक्ट कर जाते हैं।



## जीवन ऊर्जा

जयललिता जयराम : जन्म- 24 फ़रवरी 1948 — जन्म

# हम जो पानी पीते हैं उस पर भी टैक्स लगता है

जयललिता का जन्म 24 फ़रवरी 1948 को एक 'अय्यर ब्राम्हण' परिवार में, मैसूर राज्य के मांडया जिले के पांडवपुरा तालुक के मेलुरकोट गांव में हुआ था। जयललिता जयराम भारतीय राजनीतिज्ञ तथा तमिलनाडु की मुख्यमंत्री थीं। जयललिता 22 सितंबर से अपोलो अस्पताल में भर्ती थीं, उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया था। 5 दिसम्बर 2016 को चेन्नई अपोलो अस्पताल ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि रात 11:30 बजे (आईएसटी) उनका निधन हो गया।



तमिलनाडु के लोगों के लिए काम करने के आलावा मेरी जीवन में और कोई रूचि नहीं है। आखिरी सांस तक मेरा जीवन तमिलनाडु के लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहेगा। मैं लोगों द्वारा लोगों के लिए हूं। मेरे पास कोई बहुत बड़ा राजनीतिक गठजोड़ नहीं था। मुझे भगवान में और तमिलनाडु की जनता में यकीन था। कुछ भी कभी भी हो सकता है। हम जो पानी पीते हैं उस पर भी टैक्स लगता है। केवल एक चीज है, अगर मैं उसका उल्लेख कर सकूं तो जिस पर अभी तक टैक्स नहीं लगा है, वो हवा जिसमें हम सांस लेते हैं और यहां तक की वो भी फ्री नहीं है। मेरा मतलब वो प्रदूषण से मुक्त नहीं है।
तमिल भी एक बहुत प्राचीन भाषा है। वास्तव में तमिल सिर्फ सबसे पुरानी ही नहीं, बल्कि आज ये दुनिया में सबसे पुरानी जीवित प्राचीन शास्त्रीय भाषा है। सिनेमा उद्योग में किसी भी चीज के लिए किसी तरह की गारंटी या सुरक्षा नहीं है। अगर काले धन की बुराई को जड़ से ख़त्म करना है, तो इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक ज़रूरी कदम है कि ऐसा क़ानून पास हो, जिसके तहत चुनाव में होने वाला सारा खर्च निर्वाचन आयोग के माध्यम से सरकार द्वारा उठाया जाए। जब किसी चीज को नुकसान उठाना पड़ता है और उसका कोई इतिहास होता है, तो वो और खूबसूरत बन जाती है।
तमिलनाडु देश का एक मात्र राज्य है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लोगों को निः शुल्क चावल प्रदान करता है। सिनेमा स्टार्स के ऐसे कई मामले हो चुके हैं, जहां वे बस एक या दो साल की सफलता के बाद गायब हो गए हैं। ये बात दिमाग में रखनी चाहिए कि दो साल की इस छोटी अवधि में कोई इंसान जो कमाई करता है, उसी से उसको उसकी बाकी की जिन्दगी चलानी होती है। मारुथुर गोपालन रामचंद्रन मेरे लिए माता, पिता, मित्र, दार्शनिक सबकुछ थे। मां के मरने के बाद उन्होंने मेरा जीवन संभाला।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# घृणा, द्वेष और भेदभाव के षड्यंत्रों से खुद बचें

हमारे देश में छुआछूत और जातियों के भेदभाव को लेकर आज भी कई लोग जागरूक नहीं हैं। पर ये घिनौनी परंपरा ने हमारी देश को कुछ सदियों पहले ही जकड़ा। पिछले भाग में हमने कई कहानियों का उदाहरण देते हुए बताया कि प्राचीन समय में कभी छुआछुत रही ही नहीं और ना ही कभी जातियां भेदभाव का कारण होती थी। इस भाग में हम इसे लेकर कुछ और उदाहरण प्रस्तुत करने जा रहे हैं। 140 साल देश पर गुप्ताओं का राज रहा।
केवल पुष्यमित्र शुंग के 36 साल के राज को छोड़ कर 92% समय प्राचीन काल में देश में शासन उन्ही का रहा, जिन्हें आज दलित पिछड़ा कहते हैं तो शोषण कहां से हो गया? यहां भी कोई शोषण वाली बात नहीं है। फिर शुरू होता है मध्यकालीन भारत का समय जो सन 1100- 1750 तक है, इस दौरान अधिकतर समय, अधिकतर जगह मुस्लिम आक्रमणकारियों का समय रहा और कुछ स्थानों पर उनका शासन भी चला। अंत में मराठों का उदय हुआ, बाजीराव पेशवा जो कि ब्राह्मण थे, ने गाय चराने वाले गायकवाड़ को गुजरात का राजा बनाया, चरवाहा जाति के होलकर को मालवा का राजा बनाया। अहिल्या बाई होलकर खुद बहुत बड़ी शिवभक्त थी। ढेरों मंदिर गुरुकुल उन्होंने बनवाए। मीरा बाई जो कि राजपूत थी, उनके गुरु एक चर्मकार रविदास थे और रविदास के गुरु ब्राह्मण रामानंद थे। यहां भी शोषण वाली बात कहीं नहीं है।मुग़ल काल से देश में गंदगी शुरू हो गई और यहां से पर्दा प्रथा, गुलाम प्रथा, बाल विवाह जैसी चीजें शुरू होती हैं।
1800-1947 तक अंग्रेजों के शासन रहा और यहीं से जातिवाद शुरू हुआ। जो उन्होंने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत किया। अंग्रेज अधिकारी निकोलस डार्क की किताब 'कास्ट ऑफ़ माइंड' में मिल जाएगा कि कैसे अंग्रेजों ने जातिवाद, छुआछूत को बढ़ाया और कैसे स्वार्थी भारतीय नेताओं ने अपने स्वार्थ में इसका राजनीतिकरण किया। इन हजारों सालों के इतिहास में देश में कई विदेशी आए, जिन्होंने भारत की सामाजिक स्थिति पर किताबें लिखी हैं, जैसे कि मेगास्थनीज ने इंडिका लिखी, फाहियान, ह्यू सांग और अलबरूनी जैसे कई। किसी ने भी नहीं लिखा की यहां किसी का शोषण होता था। योगी आदित्यनाथ जो ब्राह्मण नहीं हैं, गोरखपुर मंदिर के महंत हैं, पिछड़ी जाति की उमा भारती महा मंडलेश्वर रही हैं। जन्म आधारित जाति को छुआछुत व्यवस्था हिन्दुओ को कमजोर करने के लिए लाई गई थी। इसलिए भारतीय होने पर गर्व करें और घृणा, द्वेष और भेदभाव के षड्यंत्रों से खुद भी बचें और औरों को भी बचाएं।





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं , मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं। इस समय महाकुंभ के प्रति आकर्षण है।



**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तर प्रदेश

हम लोग चाहते हैं कि अंतिम पायदान के लोग मुख्य धारा में आएं और उनका मान सम्मान बढ़े। लेकिन बीजेपी वाले नहीं चाहते कि गरीब गुरबा आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होगा तो यह मुद्दा उठाएंगे।



**-तेजस्वी यादव,** नेता, आरजेडी

देश में एक दिन खेती की हड़ताल होगी, तभी फसल की असल कीमत मिलेगी। किसान अब लंबी लडाई लड़ने की तैयारी में है।



**-राकेश टिकैत** ,किसान नेता

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में आज पहली बार एक साथ 20 लाख लाभार्थियों को अपना खुद का घर मिल रहा है। , 20 लाख लोगों का स्वप्न आज केंद्र और राज्य सरकार मिलकर पूरा कर रही है।



**-अमित शाह,** गृहमंत्री

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, जानें कब तक कर सकेंगे भगवान शंकर का जलाभिषेक?

महाशिवरात्रि इस बार 26 फरवरी बुधवार को मनाई जाएगी। मध्यरात्रि में जलाभिषेक किया जाएगा। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि इस दिन सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 27 फरवरी की सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह सम्पन्न हुआ था। इसलिए यह भगवान शिव की आराधना का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाता है। महिलाएं जीवन में सुख समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। जिसका पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जाता है। हाशिवरात्रि का व्रत 26 फरवरी को रखा जाएगा।

### 27 फरवरी को जलाभिषेक का समय

27 फरवरी की सुबह 6 बजकर 47 बजे से सुबह 9 बजकर 42 बजे तक भक्तगण जलाभिषेक कर सकते हैं। इसके बाद मध्यान्ह काल में सुबह 11 बजकर 06 बजे से दोपहर 12 बजकर 35 बजे तक, फिर अपराह्न 3 बजकर 25 बजे से शाम 6 बजकर 08 बजे तक भी जलाभिषेक किया जा सकता है। आखिरी मुहूर्त रात में 8 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगा और रात 12 बजकर 01 बजे तक रहेगा।



### महाशिवरात्रि पूजा-विधि:

शिवरात्रि के दिन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प करें। व्रत रखकर किसी शिव मंदिर या अपने घर में नर्मदेश्वर की मूर्ति या पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर समस्त पूजन सामग्री एकत्र कर आसन पर विराजमान होकर 'मम इह जन्मनि जन्मान्तरेवार्जित सकल पाप क्षयार्थं आयु–आरोग्य–ऐश्वर्य–पुत्र–पौत्रादि सकल कामना सिद्धिपूर्वक अन्ते शिवसायुज्य प्राप्तये शिवरात्रिव्रत साङ्गता सिध्यर्थं साम्बसदाशिव पूजनम करिष्ये। मंत्र जप करते हुए स्थापित शिवमूर्ति की षोडशोपचार पूजा करें। आक, कनेर, विल्वपत्र और धतूरा, कटेली आदि अर्पित करें। रुद्रीपाठ, शिवपुराण, शिवमहिम्नस्तोत्र, शिव संबंधित अन्य धार्मिक कथा सुनें। रुद्रभिषेक करा सकें, तो अत्यंत उत्तम है। रात्रि जागरण कर दूसरे दिन प्रात:काल शिवपूजा के पश्चात जौ, तिल और खीर से 108 आहुतियों 'त्र्यम्बकं यजामहे या 'ऊं नम: शिवाय आदि मंत्रों से यज्ञशाला में दें। ब्राह्मणों या शिवभक्तों को भोजन कराएं और दक्षिणा देकर विदा करें फिर स्वयं भोजन कर व्रत का पारण करें।

# रामचरितमानस- जानिये भाग-7 में क्या क्या हुआ



गोस्वामी जी हम सनातन धर्म अवलंबियों से नम्र निवेदन करते हुए कहते हैं कि मेरी इस राम काव्य को सज्जन लोग अपने जी में श्री रामजी की भक्ति से भूषित जानकर सुंदर वाणी से सराहना करते हुए सुनेंगे। मैं न तो कवि हूँ, न वाक्य रचना में ही कुशल हूँ, मैं तो सब कलाओं तथा सब विद्याओं से रहित हूँ।

पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं
मायामोहमलापहं सुविमलं प्रेमाम्बुपूरं शुभम्।
श्रीमद्रामचरित्रमानसमिदं भक्त्यावगाहन्ति ये
ते संसारपतङ्गघोरकिरणैर्दह्यन्ति नो मानवाः॥

राम भगति भूषित जियँ जानी। सुनिहहिं सुजन सराहि सुबानी॥
कबि न होउँ नहिं बचन प्रबीनू। सकल कला सब बिद्या हीनू॥

गोस्वामी जी हम सनातन धर्म अवलंबियों से नम्र निवेदन करते हुए कहते हैं कि मेरी इस राम काव्य को सज्जन लोग अपने जी में श्री रामजी की भक्ति से भूषित जानकर सुंदर वाणी से सराहना करते हुए सुनेंगे। मैं न तो कवि हूँ, न वाक्य रचना में ही कुशल हूँ, मैं तो सब कलाओं तथा सब विद्याओं से रहित हूँ॥

आखर अरथ अलंकृति नाना। छंद प्रबंध अनेक बिधाना॥
भाव भेद रस भेद अपारा। कबित दोष गुन बिबिध प्रकारा॥

नाना प्रकार के अक्षर, अर्थ और अलंकार, अनेक प्रकार की छंद रचना, भावों और रसों के अपार भेद और कविता के भाँति-भाँति के गुण-दोष होते हैं॥

कबित बिबेक एक नहिं मोरें। सत्य कहउँ लिखि कागद कोरें॥

इनमें से काव्य सम्बन्धी एक भी बात का ज्ञान मुझमें नहीं है, यह मैं कोरे कागज पर लिखकर सत्य-सत्य कहता हूँ॥

**दोहा :**

भनिति मोरि सब गुन रहित बिस्व बिदित गुन एक।
सो बिचारि सुनिहहिं सुमति जिन्ह कें बिमल बिबेक॥

मेरी रचना सब गुणों से रहित है, इसमें बस, जगत्प्रसिद्ध एक गुण है। उसे विचारकर अच्छी बुद्धिवाले पुरुष, जिनके निर्मल ज्ञान है, इसको सुनेंगे॥

**चौपाई :**

एहि महँ रघुपति नाम उदारा। अति पावन पुरान श्रुति सारा॥
मंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी॥

इसमें श्री रघुनाथजी का उदार नाम है, जो अत्यन्त पवित्र है, वेद-पुराणों का सार है, मंगल का भवन है और अमंगलों को हरने वाला है, जिसे पार्वतीजी सहित भगवान शिवजी सदा जपा करते हैं॥

भनिति बिचित्र सुकबि कृत जोऊ। राम नाम बिनु सोह न सोउ॥
बिधुबदनी सब भाँति सँवारी। सोह न बसन बिना बर नारी॥

जो अच्छे कवि के द्वारा रची हुई बड़ी अनूठी कविता है, वह भी राम नाम के बिना शोभा नहीं पाती। जैसे चन्द्रमा के समान मुख वाली सुंदर स्त्री सब प्रकार से सुसज्जित होने पर भी वस्त्र के बिना शोभा नहीं देती॥

सब गुन रहित कुकबि कृत बानी। राम नाम जस अंकित जानी॥
सादर कहहिं सुनहिं बुध ताही। मधुकर सरिस संत गुनग्राही॥

इसके विपरीत, अधम कवि की रची हुई सब गुणों से रहित कविता को भी, राम के नाम एवं यश से अलंकृत जानकर, बुद्धिमान लोग आदरपूर्वक कहते और सुनते हैं, क्योंकि संतजन भौंरे की भाँति गुणग्राही होते हैं॥

जदपि कबित रस एकउ नाहीं। राम प्रताप प्रगट एहि माहीं॥
सोइ भरोस मोरें मन आवा। केहिं न सुसंग बड़प्पनु पावा॥

यद्यपि मेरी इस रचना में कविता का एक भी रस नहीं है, तथापि इसमें श्री रामजी का प्रताप प्रकट है। मेरे मन में यही एक भरोसा है। भले संग से भला, किसने बड़प्पन नहीं पाया?

धूमउ तजइ सहज करुआई। अगरु प्रसंग सुगंध बसाई॥
भनिति भदेस बस्तु भलि बरनी। राम कथा जग मंगल करनी॥

धुआँ भी अगरबत्ती के संग से सुगंधित होकर अपने स्वाभाविक कड़वेपन को छोड़ देता है। मेरी कविता अवश्य भद्दी है, परन्तु इसमें जगत का कल्याण करने वाली रामकथा का वर्णन किया गया है इसलिए यह भी अच्छी ही समझी जाएगी।

**छंद:**

मंगल करनि कलिमल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की।
गति कूर कबिता सरित की ज्यों सरित पावन पाथ की॥
प्रभु सुजस संगति भनिति भलि होइहि सुजन मन भावनी
भव अंग भूति मसान की सुमिरत सुहावनि पावनी॥

तुलसीदासजी कहते हैं कि श्री रघुनाथजी की कथा कल्याण करने वाली और कलियुग के पापों को हरने वाली है। मेरी इस भद्दी कविता रूपी नदी की चाल पवित्र जल वाली नदी (गंगाजी) की चाल की भाँति टेढ़ी है। प्रभु श्री रघुनाथजी के सुंदर यश के संग से यह कविता सुंदर तथा सज्जनों के मन को भाने वाली हो जाएगी। श्मशान की अपवित्र राख भी श्री महादेवजी के अंग के संग से सुहावनी लगती है और स्मरण करते ही पवित्र करने वाली होती है।

**दोहा:**

प्रिय लागिहि अति सबहि मम भनिति राम जस संग।
दारु बिचारु कि करइ कोउ बंदिअ मलय प्रसंग॥

श्री रामजी के यश के संग से मेरी कविता सभी को अत्यन्त प्रिय लगेगी। जैसे मलय पर्वत के संग से काठ भी चंदन बनकर वंदनीय हो जाता है, फिर क्या कोई काठ का विचार करता है?॥

स्याम सुरभि पय बिसद अति गुनद करहिं सब पान।
गिरा ग्राम्य सिय राम जस गावहिं सुनहिं सुजान ॥

काली गाय होने पर भी उसका दूध उज्ज्वल और गुणकारी ही होता है। यही समझकर सब लोग उसे पीते हैं। इसी तरह गँवारू भाषा में होने पर भी श्री सीतारामजी के यश को बुद्धिमान लोग बड़े चाव से गाते और सुनते हैं॥

## माता शबरी की कहानी: जिनके जूठे बेर भगवान राम ने खाए



लोकमानस में शबरी से जुड़ी एक लोक कथा अत्यंत प्रचलित है। कहते हैं कि जब राम, भक्ति में डूबी शबरी के जूठे बेर खा रहे थे तो बीच-बीच में वे लक्ष्मण को भी बेर खाने को दे रहे थे। लेकिन लक्ष्मण ने राम द्वारा दिए गए शबरी के जूठे बेर नहीं खाए और फेंक दिए। जब राम ने यह देखा तो उन्हें यह भक्त शबरी का अपमान लगा। उन्होंने लक्ष्मण से कहा कि जिस शबरी की भक्ति का अनादर करते हुए, वह बेर फेंक रहे हैं, वही बेर एक दिन संकट के समय उनके प्राणों की रक्षा करेंगे। राम-रावण युद्ध के समय जब लक्ष्मण मेघनाद की शक्ति से मूर्छित हुए थे, तब इन्हीं बेरों ने मृत संजीवनी के रूप में लक्ष्मण को पुनर्जीवन दिया था।

पौराणिकमान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को भगवान राम की शबरी से भेंट हुई थी। इस दिन राम ने शबरी के जूठे बेर खाए थे। एक अन्य मान्यता के अनुसार इस दिन माता शबरी को मोक्ष मिला था। इसके पीछे यही भाव है कि बरसों की प्रतीक्षा के बाद जब उनका भगवान से मिलन हुआ तो इस मिलन के बाद उन्हें मुक्ति मिल गई, क्योंकि ईश्वर से मिलने के बाद कोई इच्छा या कामना शेष नहीं रहती। सभी प्रकार की कामनाओं की समाप्ति ही मुक्ति है। यहां तो शबरी की सिर्फ एक ही कामना थी, प्रभु राम से मिलने की। ऐसा माना जाता है कि आज के गुजरात के डांग जिले के सुबीर गांव में प्रभु राम और शबरी की भेंट हुई थी। इस स्थान पर इनकी स्मृति में शबरीधाम मंदिर है, जिसे देखने हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि शबरी का नाम 'श्रमणा' था। इनका संबंध भील समुदाय की शबर जाति से था। इनके पिता का नाम अज और मां का नाम इंदुमति था। इनके पिता भीलों के मुखिया थे। इनके पिता ने इनका विवाह एक भील कुमार से तय कर दिया। उस समय विवाह के अवसर पर जानवरों की बलि देने की प्रथा थी। इस प्रथा का भील कुमारी शबरी ने विरोध किया और इस प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने विवाह नहीं किया। इस घटना के पश्चात वे वन में जाकर मतंग ऋषि के आश्रम में रहने लगीं। उनके सेवा भाव से प्रसन्न होकर मतंग ऋषि ने कहा कि एक दिन भगवान राम स्वयं तुम्हारे पास आएंगे और तुम्हारा उद्धार करेंगे। बस, इस विश्वास के भरोसे शबरी प्रभु राम की प्रतीक्षा करने लगीं। शबरी से जुड़ी एक अन्य कथा जनमानस में खूब प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार शबरी अपने आश्रम के पास ही एक तालाब पर पानी लेने गई। तभी एक ऋषि ने उनका अपमान करते हुए उन्हें तालाब से पानी भरने के लिए मना कर दिया। यही नहीं, उन्होंने क्रोध में आकर शबरी को पत्थर मार दिया, जिसकी चोट से खून बहने लगा। उस खून की एक बूंद तालाब में गिर गई। इससे पूरे तालाब का पानी लाल रंग का हो गया। इसके लिए भी ऋषि ने शबरी को ही दोषी ठहराया। इसके बाद सभी ऋषियों के प्रयास के बावजूद पानी का रंग लाल ही रहा। इस घटना के कई वर्ष पश्चात जब राम, लक्ष्मण के साथ सीता को खोजते हुए वहां आए तो उन्हें भी इस घटना का पता चला। राम के पैर डालने पर भी तालाब का पानी साफ नहीं हुआ, तब उन्होंने ऋषियों से वहां शबरी को लाने के लिए कहा। शबरी जब तालाब के पास पहुंची तो उनकी ठोकर से कुछ धूल उस तालाब में गिर गई और देखते-ही-देखते तालाब का पानी पहले की तरह साफ हो गया। कहा जाता है कि भक्ति करो तो शबरी जैसी कि भगवान स्वयं उन्हें मुक्ति दिलाने आए।

## प्रज्ञा के जागरण से बदलती है दृष्टि, होता है सत्य से साक्षात्कार

आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। पीलिया के रोगी को सारी सृष्टि पीली-पीली दिखाई देती है। दृष्टि पर ही दृष्टि का बोध निर्भर है और साथ-साथ सृष्टि का निर्माण भी बहुत कुछ उस पर ही निर्भर है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है— दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है—दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।'

पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है— सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है— सत्य का साक्षात्कार होगा।

दृष्टि बदलने का पहला सूत्र है— अपने आपको देखना। प्राय लोग अपने आपको नहीं देखते। वे सब कुछ देखते हैं, केवल अपने को छोड़कर। यह बहुत विकट समस्या है। ऊंट के सवारों की गिनती हो रही थी, बीस चले थे, उन्नीस को गिन लिया पर अपने आपको नहीं गिना। यह भूल केवल वह ऊंट का सवार ही नहीं करता, हर आदमी करता है। वह अपने आपको छोड़कर और सबको गिनता है। उसमें अपने आपको शामिल नहीं करता। हर आदमी सोचता है कि जो जन्म लेता है, वह मरता है।

# होलिका दहन में इस्तेमाल होने वाली प्रमुख चीजें और उनका महत्व

होली से आठ दिन पहले लगते हैं , होलाष्टक। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है। होलिका दहन के अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है। इस बार होलिका दहन 13 मार्त को रात 11 बजे के बाद किया जाएगा, वहीं होलाष्टक इस साल 7 मार्च से शुरू होंगे और 13 मार्च 8 दिन तक रहेंगे। होलाष्टक से होलिका दहन की तैयारियां शुरू हो जाती है। आपको बता दें कि होलिका दहन के लिए गोबर की गुलरियां बनती हैं, जिनका इस्तेमाल होलिका दहन की पूजा में होता है, होलाष्टक से बननी शुरू हो जाती हैं।

आपको बता दें कि होलाष्टक में भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दौरान वातावरण में नेगेटिव चीजें ज्यादा होती हैं। इस दौरान शादी, विवाह आदि सब बंद हो जाते हैं। होलिका दहन के बाद होलाष्टक खत्म होता है। आपको बता दें कि होलिका दहन में भद्रा का साया देखा जाता है। आपको बता दें कि होलिका दहन से पहले महिलाएं होलिका का पूजन करने जाती है। दोपहर के समय पकवान और गुलरिया, फूलमाला आदि से होलिका दहन का पूजन कर परिक्रमा की जाती है।

### होलिका दहन पूजा सामग्री

गाय के गोबर से होलिकादहन के लिए लेकर जाने वाली गुलरियां। कई जगह गोबर से सूरज चांद, होलिका और कई आकृतियां बनाई जाती है। इन्हें घूप में सुखाकर एक घागे में पिरोया जाता है। इसके अलावा पूजा में मूंग, नारियल, अक्षत, साबुत हल्दी, बताशे, कच्चा सूत, फल, और कलश में पानी का इंतजाम एक दिन पहले ही कर लें। शाम को होलिका माता का आशीर्वाद पाने के लिए उसमें कच्चे आम, सप्तधान्य, नारियल, मुट्ठे, मूंग, चना, चावल आदि चीजें अर्पित कर दें इसके बाद किसी गलती के माफी मांगे।



## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष**: व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृष**: यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन**: जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**कर्क**: कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**सिंह**: पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**कन्या**: जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**तुला**: धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक**: अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु**: शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा।


**मकर**: धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कुंभ**: पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन**: घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें।

## भाग्यशाली हाथ की पहचान




प्रियंका जैन
9769994439


हाथ में कई ऐसी रेखाएं है जो हमारे जीवन की हमें सटीक जानकारी देती हैं। ऐसे व्यक्ति बहुत भाग्यशाली होते है। ऐसे व्यक्तियों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है ।

अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर भाग्य रेखा चंद्र माँ के क्षेत्र से प्रारम्भ होती है तो उस व्यक्ति का हर काम सफल होता है। और उसे अपने जीवन में मान-सम्मान भी खूब प्राप्त होता है।

वही अगर किसी की हथेली पर भाग्य रेखा जीवन से प्रारम्भ हो, उस व्यक्ति को अपने जीवन में धन से संबंधित परेशानियों का कभी सामना नहीं करना पड़ता।

हस्तरेखा हाथो की लकीरें हमारे जीवन के बारे में बहुत कुछ बताती है, पर कई लोग इस बात पर विश्वास नहीं करते।

लेकिन हमारे हाथ में कई ऐसी रेखाएं है जो हमारे जीवन की हमें सटीक जानकारी देती है। हमारे शरीर में हर चीज़ हमें एक संकेत देती है। जैसे अगर हमें कोई चोट लग जाती है तो हमें हमारा दिमाग बताता है कि कहा चोट लगी है और वही पर दर्द हो हो रहा है।

उसी प्रकार हमारे हाथो की लकीरें भी समय समय पर बदल जाती है। और हमें बताती है कि हमारे जीवन में कैसे बदलाव आ रहे है बस ज़रूरत है उन्हें समझने कि।

अगर हम उन्हें समझ गए तो जीवन में कामयाब होने से कोई रोक नहीं पाएगा। हस्तशास्त्र में, हाथ के लकीरों कि व्याख्या कि गयी है।

हम हाथो कि हर लकीर को तो नहीं पढ़ सकते क्योंकि इसके लिए हमें हस्तशास्त्र पढ़ना पड़ेगा।

M रेखा वाले –

जिन लोगो के हाथो में M का निशान बनता है वो लोग बहुत ही बुद्धिमान होते है और आत्मविश्वास से भरे होते है। ऐसा इंसान जीवन में खूब तरक्की करता है और हमेशा ख़ुशी का जीवन जीता है। ऐसे इंसान की छः इन्द्रियाँ ( Sixth Sense ) बहुत तेज़ होती है। इसलिए ऐसे लोगो से कभी झूठ न बोले, नहीं तो आप पकड़े जाएंगे।

X निशान वाले –

1 रिसर्च पर 2 million लोगो पर रिसर्च की गई जिसमे ये पाया गया की जिन लोगो के हाथो में X का निशान बनता है वे लोग जीवन में बहुत ही कामयाब और लोकप्रिय होते है। ऐसे लोगो को जीवन में पैसे की कोई कमी नहीं रहती। तो अगर आपके हाथ में भी X बनता है तो आप भी एक दिन ज़रूर कामयाब होंगे। पर मेहनत हर काम के लिए ज़रूरी है।

न्यूज़ ब्रीफ

## लोडर-ऑटो की भिड़ंत में किशोर समेत दो की मौत



**कानपुर देहात।** सट्टी थाना क्षेत्र के अफसरिया के पास लोडर व ऑटो की भिड़ंत में घाटमपुर निवासी पति पत्नी सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सुचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को राजपुर पीएचसी भेजा। वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद एक किशोर वा उसकी नानी को मृत घोषित कर दिया। इससे कोहराम मच गया।
घाटमपुर निवासी पैतीस साल के नईम की ससुराल गांधी नगर सिकंदरा में है। रविवार को वह अपनी तीस साल की पत्नी सरताज बेगम, तेरह साल के पुत्र आर्यन उर्फ़ कल्लू व सास पचपन साल की अफसाना पत्नी शफी कुरैशी के साथ ऑटो से सिकंडारा से पुखराया जा रहे थे, वहां से उनको ट्रेन से भोपाल जाना था। रास्ते में सट्टी थाना क्षेत्र के अफसरिया मोड के पास मुग़लरोड़ पर लोडर की टक्कर से उनका ऑटो पलट गया।

### महिला ने बेटियों संग खाया जहर

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में हृदयविदारक एक घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने अपनी दो बेटियों संग जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे एक बेटी की मौत हो गई, जबकि मां और दूसरी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का कारण पति-पत्नी के बीच कहासुनी बताया जा रहा है, जो घर में गंदगी और बिखरे सामान को लेकर हुई थी। दरअसल, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के स्वराज कॉलोनी का है। यहां के निवासी राजेश सविता होटल चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है।बताया जा रहा है कि राजेश की पत्नी माला सविता अपनी दो बेटियों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं।

### सर्द हवाओं ने गिराया दिन-रात का पारा

**कानपुर।** उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से सर्दी का अहसास फिर से होने लगा है। अगले 48 घंटों तक तेज सर्द हवाएं जारी रहेंगी। अगले विक्षोभ के बाद 27 से पहली मार्च तक बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, विक्षोभ आने का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा। करीब 25-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दिन भर तेज हवाएं चलीं। पहले उत्तर पश्चिमी और फिर हवा की दिशा दक्षिण पश्चिमी हो गई। हवा में सर्दी का अहसास रहा। तेज धूप खिली लेकिन मौसम में गर्मी का अहसास नहीं करा सकी। ऐसे में लगातार दूसरे दिन तापमान में गिरावट दर्ज की गई।
रविवार को अधिकतम तापमान 27 से 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे 24 घंटे पहले तापमान 30.2 डिग्री पहुंच चुका था। अधिकतम पारा फिर भी सामान्य से अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 14 से 11.6 डिग्री सेल्सियस रहा। 24 घंटों में 02.4 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। न्यूनतम पारा सामान्य से कम रहा। ऐसा फरवरी में पहली बार हुआ।

# महाशिवरात्रि से पहले महाजाम

## ट्रैफिक संभालने ADG समेत 6 और IPS भेजे गए

एजेंसी । प्रयागराज

महाकुंभ में महाशिवरात्रि से पहले एक बार फिर महाजाम की स्थिति देखने को मिल रही है। इससे निपटने के लिए योगी सरकार ने छह और आईपीएस अफसरों को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए प्रयागराज में उतार दिया है। यह सभी अफसर प्रयागराज आने वाले मार्गों की व्यवस्था देखेंगे। सभी को अलग अलग मार्गों पर तैनात किया गया है। इन अफसरों में एक एडीजी और पांच आईजी स्तर के अफसर हैं। सरकार ने एडीजी पीएसी सुजीत पांडे, आईजी चंद्रप्रकाश, प्रीतेंद्र सिंह, राजेश मोदक और मंजिल सैनी को ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अलग अलग मार्गों की कमान सौंपी हैं। प्रयागराज रेंज में तैनात रहे 2004 बैच के आईपीएस चंद्रप्रकाश को प्रयागराज-वाराणसी मार्ग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीजीपी मुख्यालय से अटैच आईजी प्रीतिंदर सिंह को प्रयागराज-रीवा राजमार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने का निर्देश मिला है। 2003 बैच के आईपीएस आईजी राजेश मोदक को शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए तैनात किया गया है। वह अभी आईजी सीबीसीआईडी के पद पर तैनात हैं। 2005 बैच की अफसर आईजी विजिलेंस मंजिल सैनी को लखनऊ के साथ अयोध्या-प्रतापगढ़ मार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था देखेंगी।



### पैदल चलना भी मुश्किल

शहर के अलोपीबाग चुंगी, शास्त्री ब्रिज, नैनी नया पुल, प्रयागराज जंक्शन और नैनी व झूंसी रेलवे स्टेशन मार्ग के अलावा बालसन चौराहा, मेडिकल कॉलेज मार्ग, सीएमपी डिग्री कॉलेज मार्ग, लेप्रोसी चौराहा, बांगड़ धर्मशाला, बैरहना चौराहे पर जाम के कारण पैदल निकलना मुश्किल हो रहा था। एंबुलेंस तक को नहीं मिला रास्ता भीषण जाम की वजह श्रद्धालु व शहरवासी ही नहीं, गंभीर मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ी। बांगड़ धर्मशाला के पास शनिवार की दोपहर जाम में एंबुलेंस घंटों फंसी रही। महाकुंभ की भीड़ के कारण सड़कों पर जाम ने कारोबार प्रभावित कर दिया है। बाहर से आने वाले फलों के दामों में जहां उछाल आया है, वहीं सब्जियां मंडी तक नहीं पहुंच पाने से औने-पौने दाम में बेचने को किसान विवश हैं। वहीं, खाद्यान्न व्यापारियों के गोदाम खाली हो गए हैं। आपूर्ति बाधित होने से ईंट बिक्री ठप है। फूलपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक एवं प्रगतिशील किसान उमेश पटेल बताते हैं कई सालों से बहादुरपुर ब्लॉक के कई गांवों की सब्जियां विदेशों में भेजी जा रही हैं। लेकिन ट्रांसपोर्टेशन बंद होने से बड़े स्तर पर किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सैनिक स्कूल में 2 दर्जन से अधिक छात्र बीमार



**गोरखपुर।** गोरखपुर के खाद कारखाना (फर्टिलाइजर) परिसर स्थित पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल में दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए हैं। संक्रामक रोग फैलने के अंदेशे से स्कूल प्रशासन सकते में आ गया है। छात्र और अभिभावक भी चिंतित हैं। दर्जन भर से अधिक छात्रों को अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया है। स्कूल प्रबंधन की सूचना पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज और आरएमआरसी की टीम ने पहुंचकर छात्रों की जांच की। टीम ने 80 छात्रों के रक्त और लार के नमूने लिए हैं।
बताया जा रहा है कि सैनिक स्कूल में बीते एक महीने से छात्रों के बीमार पड़ने की शिकायतें आ रही हैं। स्कूल के शहीद भगत सिंह, शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद बंधु सिंह और रानी लक्ष्मीबाई हॉस्टलों में रहने वाले छात्र बीमार पड़ रहे हैं। उन्हें उल्टी-दस्त, सर्दी-जुकाम, बुखार, पेट में दर्द के साथ शरीर पर लाल दाने और चकत्ते पड़ रहे हैं। बीमार होने वालों में छात्र और छात्राएं दोनों हैं।बताया जाता है कि सभी छात्र कैंपस में बने हॉस्टल में रहते हैं।

## बाइक को कार ने मारी टक्कर

एजेंसी । अयोध्या

करनाईपुर विद्यालय के पास निमंत्रण खाकर घर लौट रहे बाइक सवार 55 वर्षीय अधेड़ को बोलेरो वाहन ने सामने से टक्कर मार दिया । मौके पर पहुंचे परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए हैं । दुर्घटना तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत करनाईपुर विद्यालय के पास की है । जहां पर शनिवार की रात 9:30 बजे के आसपास निमंत्रण से लौट रहे बाइक सवार जयशंकर तिवारी पुत्र भुलई उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी सोनोरा गाऊ पुर को सामने से आ रहे बोलेरो वाहन चालक ने टक्कर मार दिया । मौके पर पहुंचे लोगों की जानकारी पर पहुंचे परिजन प्राइवेट वाहन से जयशंकर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन ले गए । जहां पर चिकित्सक डॉक्टर संतोष यादव फार्मासिस्ट चंद्र प्रकाश वर्मा ने इलाज उपरांत हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है । वही फार्मासिस्ट चंद्रप्रकाश वर्मा ने बताया कि घायल के सर सहित शरीर में काफी चोटें आई थी । इलाज उपरांत रेफर कर दिया गया है ।

# वाराणसी में रोपवे के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## तीन महिलाओं की याचिका पर आदेश

**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में बन रहे रोपवे के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश तीन महिलाओं की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उनकी जमीन अधिग्रहण किए बगैर ही रोपवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और संजय करोल की पीठ ने इस मामले में सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद संबंधित प्राधिकार को रोपवे के निर्माण को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। दूसरे शब्दों में निर्माण कार्य जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में रहे और आगे कोई निर्माण न हो। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही, मामले में नोटिस जारी कर संबंधित पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने मामले की सुनवाई अप्रैल 2025 तय की है।
सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता रोहित अमित स्थालेकर के जरिए दाखिल मनसा सिंह सहित तीन महिलाओं की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। दरअसल, अपीलकर्ताओं ने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि संबंधित प्राधिकरण ने उनकी फ्री होल्ड संपत्ति में अवैध रूप से तोड़फोड़ की। इसके साथ ही कहा कि न तो अपीलकर्ता की जमीन का अधिग्रहण किया गया और न ही किसी तरह का मुआवजा दिया गया, बावजूद इसके रोपवे के निर्माण कार्य उनकी संपत्ति पर शुरू कर दिया।



### हाईकोर्ट ने रोक लगाने से कर दिया था इनकार

इस मामले में हाईकोर्ट ने किसी तरह का अंतरिम आदेश या कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। किसी तरह का अंतरिम राहत नहीं मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी।

### देश का अपनी तरह का इकलौता प्रोजेक्ट

वाराणसी में बन रहा रोपवे देश का अपने तरह का इकलौता प्रोजेक्ट है। रोपवे के रूप में अर्बन ट्रांसपोर्ट की यह शुरुआत है। अभी तक देश में कहीं भी सार्वजनिक परिवहन के लिए रोपवे का इस्तेमाल नहीं होता है। यह बनारस से सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। इसके पहले चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। दूसरे चरण के तहत जल्द ही गोदौलिया स्टेशन का निर्माण शुरू होना है। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर और प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट के पास गोदौलिया तक रोपवे लेकर जाएगा। इसके एलाइनमेंट का ट्रायल चल रहा था। माना जा रहा था कि अप्रैल-मई से यात्री इस पर सफर करना शुरू कर देंगे।

# महाकुंभ में स्नान के बहाने पत्नी को दिल्ली से बुलाया और कर दी हत्या




**प्रयागराज।** प्रयागराज के महाकुंभ में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने दूर-दूर से आ रहे हैं, लेकिन इसी आस्था के मेले के दौरान एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना झूंसी इलाके के एक लॉज में घटी, जहां दिल्ली निवासी अशोक वाल्मीकि ने अपनी पत्नी मीनाक्षी की बेरहमी से हत्या कर दी। दिल्ली के रहने वाले अशोक वाल्मीकि ने अपनी पत्नी को महाकुंभ स्नान कराने के बहाने प्रयागराज बुलाया। मीनाक्षी इस यात्रा को लेकर बेहद खुश थी और पति के साथ संगम में स्नान करने आई थी। अशोक ने अपनी पत्नी के साथ संगम किनारे मोबाइल से वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड किया ताकि सबको लगे कि वो कुंभ स्नान करने आए हैं।
रात में दोनों ने झूंसी इलाके के एक लॉज में कमरा लिया। लॉज मालिक संजय ने बिना किसी आईडी लिए 500 रुपये में उन्हें कमरा दे दिया। मीनाक्षी को बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह यात्रा उसकी जिंदगी की आखिरी यात्रा होगी।

### हत्या कर हुआ फरार

रात में अशोक ने बाथरूम में मीनाक्षी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर कुछ सामान लेने के बहाने लॉज से भाग निकला। सुबह जब अन्य लोग बाथरूम गए तो वहां महिला की खून से लथपथ लाश देखकर सनसनी फैल गई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन लॉज में कोई आईडी जमा न होने के कारण मृतक महिला और हत्यारे की पहचान नहीं हो सकी।




# जनवरी में घरेलू एयरलाइंस ने किया कमाल, बढ़ गए इतने करोड़ यात्री

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में घरेलू हवाई यात्रा में वृद्धि जारी है, जनवरी 2025 में यात्री यातायात लगभग 1.5 करोड़ तक गया. आईसीआरए की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दिसंबर 2024 में यात्रियों की संख्या में आई 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और साल दर साल जनवरी 2024 से 14.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. घरेलू हवाई सेक्टर के लिए यह एक अच्छी खबर है. इसके अलावा, जनवरी 2025 के आंकड़े जनवरी 2020 के पूर्व-कोविड स्तर से 17.9% अधिक हैं. वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीनों (अप्रैल 2024 से जनवरी 2025) में घरेलू हवाई यात्री यातायात 1,372.1 लाख रहा, जो वार्षिक वृद्धि में 7.5% और वित्त वर्ष 20 की तुलना में 13% की वृद्धि है. पिछले कुछ सालों अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है, जिसमें खासतौर पर जिसमें भारतीय एयरलाइंस ने वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में 248.9 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया है. यह वार्षिक वृद्धि में 14.5% और पूर्व-कोविड के पहले के डेटा से 41.7% की बढ़ोतरी है.
एयरलाइंस ने जनवरी 2025 में जनवरी 2024 के मुकाबले अपनी क्षमताओं में बढ़ोतरी की है. एयरलाइंस ने इस दौरान 10.8% की है. हालांकि, यह दिसंबर 2024 की तुलना में 1.2% कम था. घरेलू विमानन क्षेत्र ने जनवरी 2025 में 92.1% का यात्री लोड फैक्टर दर्ज किया, जो जनवरी 2024 में 89.2% और जनवरी 2020 में 85% था।



### फ्यूल की कीमतों का एयरलाइंस पर असर

रिपोर्ट में भारत के विमानन सेक्टर में बढ़ोतरी का जिक्र किया गया है, जिसमें फ्यूल की कीमतों को भी एक अहम फैक्टर माना गया है. फ्यूल की कीमतें एयरलाइंस के लिए कुछ राहत प्रदान करती हैं. एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतें, अप्रैल-जुलाई 2024 के दौरान वार्षिक वृद्धि में 5.3% अधिक थी, लेकिन अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक वार्षिक वृद्धि में 14.7% कम थी. अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 की अवधि के लिए, एटीएफ की कीमतें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.1% कम थी।

## एचएमपीएल को महाराष्ट्र में 100 करोड़ रुपये का इस्पात कार्य अनुबंध मिला



**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा से बिजली क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को महाराष्ट्र में इस्पात का कार्य उपलब्ध कराने के लिए 102 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा कि यह परियोजना वेंकटेश इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स द्वारा दी गई है और इसे छह महीने में पूरा किया जाएगा। इस अनुबंध में 'तकनीकी ड्राइंग के अनुसार सुदृढ़ीकरण स्टील की कटाई, झुकाव, फिक्सिंग और मुंबई के वर्सोवा बांद्रा सी लिंक परियोजना स्थल पर पुल निर्माण के लिए संरचनात्मक स्टील का निर्माण शामिल है।'
एचएमपीएल नवीकरणीय ऊर्जा और सड़क परियोजनाओं के निर्माण में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाएं प्रदान करती है। मुंबई स्थित यह कंपनी 2,500 करोड़ रुपये के निवेश से आंध्र प्रदेश में 500 मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है।


## ताइवान की डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में कर रही 50 करोड़ डॉलर का निवेश




**नई दिल्ली।** ताइवान स्थित डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 50 करोड़ डॉलर का निवेश कर रही है। इसकी घोषणा 2015 में की गई थी। यह निवेश कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने किया है। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में घरेलू बाजार में प्रवेश करने के बाद से अपनी भारतीय शाखा के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में भारतीय बाजार में प्रवेश के बाद से अपनी भारतीय इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'भारत डेल्टा के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम अपने उन्नत समाधानों के साथ इसके औद्योगिक और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कृष्णागिरी सुविधा में हमारा रणनीतिक निवेश स्थानीय नवाचार, विनिर्माण उत्कृष्टता और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।' लिन द्वारा पेश प्रस्तुति के अनुसार, कंपनी भारत में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करने की प्रक्रिया में है, जिसमें कृष्णगिरि सुविधा का विस्तार भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'इस निवेश के माध्यम से हमारा लक्ष्य वैश्विक उद्योग मानकों में योगदान करते हुए स्मार्ट विनिर्माण और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है।'

# सरकारी बैंक ने होम और कार लोन किया सस्ता, इतनी कम हुई EMI

**मुंबई।** बैंकिंग रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दरों में कटौती करने के बाद देश के सरकारी बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती करनी शुरू कर दी है. अब जो खबर आई है, वो बैंक ऑफ महाराष्ट्र है. जिसने अपनी लोन के ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया है. इस कटौती के बाद बैंक के कस्टमर्स को काफी राहत मिलेगी. आरबीआई ने करीब 5 साल के बाद रेपो दरों में कटौती की थी. जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में आरबीआई रेपो रेट में कटौती कर सकता है. आइए आपको भी बताते हैं




कि आखिर बैंक ऑफ महाराष्ट्र ब्याज दरों में कितनी कटौती की है. सरकारी लेंडर बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अपने होम और कार लोन समेत अपने खुदरा कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती के बाद बीओएम ने यह कदम उठाया है. आरबीआई ने पांच साल के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर को 0.25 फीसदी घटाकर 6.25 फीसदी किया था. इस दर पर बैंक, केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं. बीओएम ने रविवार को बयान में कहा कि इस कटौती के बाद होम लोन के लिए उसकी बेंचमार्क दर घटकर 8.10 फीसदी रह गई है, जो बैंकिंग उद्योग में सबसे कम दरों में से है।

### प्रोसेसिंग फीस माफ

इसी के साथ कार लोन पर ब्याज दर घटकर 8.45 फीसदी पर आ गई है. इसी तरह, एजुकेशन लोन और रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) में चौथाई प्रतिशत की कमी आई है. बैंक ने पहले ही घर और कार लोन पर प्रोसेसिंग फीस माफ कर दिया है, इसमें कहा गया है. कम ब्याज दरों के साथ प्रोसेसिंग फीस की माफी कस्टमर्स को डबल प्रॉफिट दे रहा है. जानकारों की मानें तो जल्द ही आम लोगों को और भी फायदे मिलने वाले हैं. इस बीच, पुणे स्थित ऋणदाता को GIFT सिटी में एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) बैंकिंग यूनिट स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी मिल गई ।

# कोहली ने बनाया 'विराट' रिकॉर्ड

## मोहम्मद अजहरुद्दीन को छोड़ा पीछे, द्रविड़ की बराबरी कर बने फील्डर नंबर 1

एजेंसी । दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट का 'महा'मुकाबला खेला जाए और रिकॉर्ड्स की झड़ी न लगे ऐसा होना ठीक वैसा ही होगा जैसे कि सूरज पश्चिम से उग आए। चैंपियंस ट्रॉफी के तहत दुबई में खेले जा रहे मैच में भी क्रिकेट के 'किंग' कहे जाने वाले कोहली बिना बल्लेबाजी किए ही एक 'विराट' रिकॉर्ड बना दिया है। विराट कोहली ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में नसीम शाह का कैच लेते ही इतिहास रच दिया और वनडे फॉर्मेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन गए। इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया है।



### इस मामले में की द्रविड़ की बराबरी

पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में उन्होंने दो कैच पकड़े और वे भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में राहुल द्रविड़ के साथ पहले स्थान पर आ गए। द्रविड़ ने अपने करियर के दौरान कुल 333 कैच लिए थे जबकि कोहली के नाम भी अब 333 कैच हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर अजहरुद्दीन हैं जिन्होंने कुल 261 कैच लिए हैं।

### टॉप 5 ODI कैच पकड़ने वाले खिलाड़ी

- 157 विराट कोहली*
- 156 मोहम्मद अज़हरुद्दीन
- 140 सचिन तेंदुलकर
- 124 राहुल द्रविड़
- 102 सुरेश रैना

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी

- विराट कोहली-333
- राहुल द्रविड़-333
- मोहम्मद अजरुद्दीन-261
- सचिन तेंदुलकर-256
- रोहित शर्मा-229

### अजहरुद्दीन से आगे निकले कोहली

विराट कोहली नसीम शाह का कैच पकड़ते ही अजहरुद्दीन से एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले खिलाड़ी होने का तमगा छीन लिया है। इतना ही नहीं कोहली ने इसके बाद भी मैच में एक और कैच पकड़ा है। अब उनके ओडीआई में कुल 158 कैचेस हो गए हैं। भारत के लिए एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले पांच शीर्ष खिलाड़ियों में विराट 158 कैचों के साथ पहले पायदान पर आ गए हैं। इसके बाद 156 कैच के साथ मोहम्मद अज़हरुद्दीन, इसके बाद सचिन तेंदुलकर 140, राहुल द्रविड़ 124 और सुरेश रैना ने 102 कैच पकड़े हैं।

# कोहली और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने देना चाहियेः सरफराज

एजेंसी । दुबई



पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिये। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने यहां पत्रकारों से कहा, 'लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए । भारत के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।'

उन्होंने कहा, 'विराट कोहली ने भारत के लिए मुश्किल मैच जीते हैं और मैंने उन मैचों को देखा है। आप कल्पना नहीं कर सकते कि उन्होंने भारत के लिए किस तरह का प्रदर्शन किया है।' पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'रोहित शर्मा के लिए भी यही बात लागू होती है। जिस तरह से वह टीम का नेतृत्व कर रहे हैं वह शानदार है। उन्होंने 2023 (वनडे) विश्व कप में टीम का बेहतरीन तरीके से नेतृत्व किया और इसके बाद टी 20 विश्व कप जीता।'

सरफराज ने कहा कि विराट और रोहित सही समय आने पर क्रिकेट को अलविदा कह देंगे, लेकिन तब तक भारत को अपनी टीमें 'उनके आसपास' बनानी चाहिए। सरफराज ने कहा, 'उन्हें खेलने दें और उन्हें तय करने दें कि वे क्या करना चाहते हैं। आपको उनके आसपास ही अपनी टीम बनानी चाहिए। जिस तरह से उन्होंने टी 20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा कहा उसी तरह से वे अन्य प्रारूपों में भी करेंगे। आपको उन्हें हटाकर टीम नहीं बनानी चाहिए, आपको उन्हें शामिल करके टीम बनानी चाहिए।'



सरफराज ने कहा कि पाकिस्तान को भी इसी तरह बाबर आजम को केंद्र में रखकर टीम तैयार करनी चाहिए। पूर्व कप्तान बाबर भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में हालांकि महज 23 रन पर आउट हो गए। उन्होंने कहा, 'बाबर आजम एक अलग खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि उन्हें (पाकिस्तान) टीम को इस तरह से तैयार करना चाहिए कि बाबर आजम भारत के लिए विराट कोहली की तरह पूरे 50 ओवर खेल सकें। वह शुरुआत में समय लेते हैं और फिर खेल को आगे बढ़ाते हैं।'

उन्होंने कहा, 'उनका (बाबर का) लक्ष्य किसी पर क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर तक खेलने का होना चाहिये। उनके साथ मौजूद दूसरे बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का जिम्मा उठाना चाहिये। सरफराज ने कहा कि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करनी चाहिए थी। उन्हें पाकिस्तान के लोगों से काफी प्यार और सम्मान मिलता। उन्होंने कहा, 'मैं आपसे पाकिस्तानी लोगों का सामान्य दृष्टिकोण साझा करना चाहूंगा। वे भारतीय टीम को पाकिस्तान में देखना चाहते हैं।

# भारतीय पुरूष टीम ने एफआईएच प्रो लीग में आयरलैंड को 4.0 से हराया

एजेंसी । भुवनेश्वर

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर अपना दबदबा कायम रखते हुए एफआईएच प्रो लीग में शनिवार को रिटर्न चरण के मैच में 4.0 से जीत दर्ज की। भारत की प्रो लीग में आयरलैंड पर यह लगातार दूसरी जीत है। पहले चरण में शुक्रवार को भारत ने 3.1 से जीत दर्ज की थी। भारत के लिये नीलम संजीप सेस (14वां मिनट), मनदीप सिंह (24वां), अभिषेक (28वां) और शमशेर सिंह (34वां) ने गोल किये। आयरलैंड ने अच्छी शुरूआत करते हुए नौवे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। नीलम ने 14वें मिनट में अमित रोहिदास के



पास पर फील्ड गोल किया। उन्होंने दाहिने कॉर्नर से हवा में आती हुई गेंद लपकी और दो डिफेंडरों को छकाते हुए शॉट लगाया जो पोस्ट से टकरा गया लेकिन उन्होंने सही पोजिशन से रिबाउंड पर उसे गोल के भीतर डाला।

भारत को 17वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों बार आयरलैंड के गोलकीपर जैमी कार ने नीलम को कामयाबी नहीं मिलने दी। भारतीय टीम कप्तान और ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना खेल रही थी जिन्हें आराम दिया गया था। भारत को 24वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर मनदीप ने अमित रोहिदास की फ्लिक पर वैरिएशन पर गोल किया। अभिषेक ने चार मिनट बाद भारत की बढत तिगुनी कर दी। मिडफील्ड में उन्होंने गेंद पर कब्जा किया और गेंद मनदीप को सौंपी जिनका शॉट कार ने बचा लिया। रिबाउंड पर गेंद रोहिदास के पास गई जिनका शॉट भी आयरिश गोलकीपर ने बचाया लेकिन अभिषेक ने सही जगह से गेंद को गोल के भीतर डाल दिया।

# एशिया कप तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर




एजेंसी । बैंकॉक

भारत ने एशिया कप विश्व रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के पहले चरण में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। रिकर्व पुरूष वर्ग में भारत के विष्णु चौधरी और राहुल पहले दूसरे स्थान पर रहे। बसंती महतो (महिला रिकर्व), कुशल दलाल (पुरूष कंपाउंड), पुरूष रिकर्व टीम (विष्णु, गोल्डी मिश्रा और राहुल), पुरूष कंपाउंड टीम (कुशल, मानव जाधव और गणेश) ने स्वर्ण पदक जीते। बसंती और विष्णु ने रिकर्व मिश्रित टीम में रजत पदक जीता। महिला कंपाउंड टीम को कांस्य पदक मिला। कोरिया तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

# नताशा से तलाक के बाद जैस्मिन वालिया को डेट कर रहे हार्दिक

एजेंसी । दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जहां पाकिस्तान की पूरी टीम 241 रन पर ही सिमट गई। हालांकि इस मुकाबले में हार्दिक पांड्या सेंटर ऑफ अट्रेक्शन रहे। पहले तो उनकी घड़ी की वजह से बाद में उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड की वजह से। हार्दिक पांड्या की नई लव स्टोरी की चर्चाएं काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल है। नताशा से तलाक होने के बाद उनका नाम अब जैस्मिन वालिया के साथ जुड़ रहा है। जो दुबई में भारत – पाकिस्तान का मैच देखने पहुंची हैं। सोशल मीडिया पर



उनकी मैच देखते हुए तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रही है।

जैस्मिन वालिया एक्ट्रेस और सिंगर हैं, जो पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में हैं। जैस्मिन का नाम हार्दिक पांड्या के साथ जोड़ा जा रहा है। साथ ही दावा किया जा रहा है कि पत्नी नताशा से अलग होने के बाद हार्दिक पांड्या जैस्मिन को डेट कर रहे हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जैस्मिन वालिया एक्ट्रेस हैं और उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' में भी काम किया है। IMDb के मुताबिक जैस्मिन ने 2001 में आई फिल्म 'हैरी पॉटर' में भी काम किया था। इस फिल्म में जैस्मिन को जादुई स्कूल हॉगवर्ड में कास्ट किया गया था। इसके बाद जैस्मिन ने कैजुअल्टी नाम की सीरीज में भी काम किया है। दोस्ती गहरी हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई। कुछ समय तक डेट करने के बाद हार्दिक और नताशा ने 31 मई 2020 को शादी कर ली। इसके बाद हार्दिक पांड्या की पत्नी नताशा ने इसी साल एक बेटे को जन्म भी दिया। हालांकि शादी के कुछ सालों बाद ही दोनों की जिंदगी में तनाव पैदा होने लगा और उन्होंने रिश्ता खत्म करने का फैसला कर लिया।

### जैस्मिन सिंगर और म्यूजिक कंपोजर भी हैं

पिछले कुछ सालों से जैस्मिन लगातार म्यूजिक वीडियो में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के साथ-साथ जैस्मिन सिंगर और म्यूजिक कंपोजर भी हैं। जैस्मिन ने अब तक कई गानों की कंपोज भी की है। जैस्मिन ने ओटीटी सीरीज डॉक्टर्स में भी काम किया है।

जानकारी के लिए बता दें कि हार्दिक पांड्या एक बार पहले भी शादी कर चुके हैं। हार्दिक की मुलाकात कुछ साल पहले नताशा स्टेनकोविक से एक नाइट क्लब में हुई थी। यहीं से दोनों की

## मोहम्मद शमी ने दिलाई जहीर-पठान की याद

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया है। इस मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। शमी अब चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे लंबा ओवर फेंकने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। मोहम्मद शमी के 11 गेंदों वाले ओवर ने जसप्रीत बुमराह के नौ गेंदों वाले ओवर को पीछे छोड़ दिया। संयोग से बुमराह ने भी पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में वो ओवर फेंका था।



### जहीर-पठान के क्लब में शामिल

मोहम्मद शमी भारत की ओर से वनडे में 11 गेंदों का ओवर फेंकने वाले तीसरे भारतीय हैं। शमी से पहले जहीर खान और इरफान पठान भी ये अनचाहा रिकॉर्ड बना चुके हैं। जहीर खान ने नवंबर 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 11 गेंदों का ओवर फेंका था। वहीं इरफान पठान ने मई 2006 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन वनडे में 11 बॉल का ओवर किया। संयोग कि बात यह है कि शमी, इरफान और जहीर तीनों ने ही पारी के पहले ओवर में ये अनचाहा रिकॉर्ड बनाया। मोहम्मद शमी ने इमाम उल हक और बाबर आजम के खिलाफ 11 गेंदों का ओवर किया। उस ओवर में शमी ने 5 वाइड गेंदें फेंकी। हालांकि 11 गेंदों के उस ओवर में सिर्फ 6 रन ही बना। उस ओवर में शमी स्विंग को नियंत्रित करने और अपनी लाइन बनाए रखने में असफल रहे।

# विक्की कौशल की 'छावा' का बॉक्स ऑफिस पर तहलका

## • एक हफ्ते में रिकॉर्ड तोड़ कमाई

लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' वर्तमान में बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म के जरिए छत्रपति संभाजी महाराज की वीरगाथा को बड़े पर्दे पर पेश किया गया है। विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज होने के बाद रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। हालांकि, फिल्म को रिलीज हुए अभी सिर्फ एक सप्ताह ही हुआ है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर 'छावा' का क्रेज अभी भी जारी है। सभी शो हाउसफुल हैं। मुंबई और पुणे में कुछ स्थानों पर सुबह 6 बजे और रात 12 बजे के बाद



भी शो आयोजित किए गए हैं। पूरे थिएटर में एक भावनात्मक माहौल बनाता हुआ दिखाई देता है। कुल मिलाकर इस फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसके चलते 'छावा' का कलेक्शन दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। फिल्म 'छावा' ने 14 फरवरी से 21 फरवरी तक सात दिनों में 225.28 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है। 'छावा' ने वैलेंटाइन डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रणवीर-आलिया की फिल्म 'गली बॉय' के नाम था। पहले हफ्ते 225 करोड़ कमाने के बाद फिल्म ने आठवें दिन 24.03 करोड़ कमाए। नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को 'छावा' की कमाई की बात करें तो फिल्म ने नौवें दिन 44.10 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। सैकनीलक के रिपोर्ट अनुसार, दूसरे शनिवार को होने के बावजूद 'छावा' की कमाई में 87 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। इससे नौ दिनों का कुल कलेक्शन 293.41 करोड़ हो गया है। रविवार को फिल्म 'छावा' भारत में 300 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी।

# 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' ने इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवार्ड्स में रचा इतिहास

भारत की फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' ने 2025 इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवार्ड्स में प्रतिष्ठित पुरस्कार जॉन कैसवेट्स अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' ये सम्मान प्राप्त करने वाली पहली भारतीय फिल्म है। इंडिपेंडेंट फिल्म की दुनिया में ये सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है और भारतीय सिनेमा के लिए ये किसी मील के पत्थर से कम नहीं है। इस कैटेगरी में अवॉर्ड हर साल 1 मिलियन डॉलर के बजट पर बनाई गई बेहतरीन फिल्मों को दिया जाता है, और 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' इस दावेदारी की फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म की जीत की घोषणा खूबसूरत पलों में से एक थी। द फिल्म इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स इंडिपेंडेंट फिल्ममेकिंग के लिए दिया जाता है। इसी क्रम में 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' की ऐतिहासिक जीत भारतीय सिनेमा को दुनियाभर में मशहूर कर रही है। इस फिल्म को शुची तलाती ने लिखा और डायरेक्ट किया है।



### ऋचा चड्ढा और अली फजल ने प्रोड्यूस की है गर्ल्स विल बी गर्ल्स

'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को ऋचा चड्ढा और अली फजल ने प्रोड्यूस किया है। वहीं फिल्म को पुशिंग बटन स्टूडियोज के बैनर तले बनाया गया है। इस फिल्म को 18 दिसंबर 2024 को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया था। फिल्म को लोगों की खूब तारीफ मिली थी। वहीं कई लोगों ने कहा कि भारत के बाहर जाने वाली ये फीमेल लीड फिल्म फैन्स को बहुत पसंद आई है। इस फिल्म में कनि कुश्रुति, प्रीति पनिग्राही और केशव बिनॉय किरण लीड रोल में नजर आए हैं।


### 'एक सपने की तरह है ये जीत'

गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को मिले अवॉर्ड पर ऋचा चड्ढा का कहना है, 'ये जीत एक सपने की तरह है। गर्ल्स विल बी गर्ल्स को बनाने के बाद हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। ये फिल्म सिर्फ हमारी जर्नी नहीं है, बल्कि पूरी टीम की एक बेहतरीन कोशिश है। इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड जीतने वाले पहले इंडियन एक्टर और प्रोड्यूसर के रूप में मुझे लगता है कि ये सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि सभी की जीत है।' अली फजल भी इसको लेकर काफी खुश नजर आए।

# शाहरुख खान की बेटी की फिल्म पिटी

## • जोया अख्तर बोलीं- मैं जिम्मदार हूं

साल 2023 में नेटफ्लिक्स पर 'द आर्चीज' के नाम से एक फिल्म आई थी, जिसे जोया अख्तर ने डायरेक्ट किया था। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने इस फिल्म के जरिए डेब्यू किया था। खुशी कपूर, वेदांग रैना और अगस्त्य नंदा भी इस फिल्म का हिस्सा थे। ये इन तीनों की भी पहली फिल्म थी। ये सितारे लोगों का दिल नहीं जीत पाए थे और फिल्म फेल हो गई थी। अब जोया अख्तर ने 'द आर्चीज' की असफलता पर बात की है। फिल्म के फेल होने के बाद खुशी, सुहाना, अगस्त्य नंदा इन सभी को स्टारकिड कहकर ऑडियंस ने काफी ट्रोल किया था। अब जोया अख्तर ने फिल्म के न चलने की जिम्मेदारी खुद ली है और कहा है कि उन बच्चों ने वही किया, जो उन्हें करने को कहा गया।



### जोया अख्तर ने क्या कहा?

कोमल नाहटा से बातचीत करते हुए जोया अख्तर ने कहा, 'ऐसा नहीं था कि कोई मेरे लिए खास था। ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी, अगर थिएटर में लगती तो ये थोड़ी अलग फिल्म होती। ऐसे समय में आप खुद को जिम्मेदार ठहराते हैं, लेकिन मैंने अपना बेस्ट दिया था।' जोया अख्तर ने ये भी कहा कि भी फिल्म के फेल होने के बाद उन्होंने खुद को दोषी महसूस किया, क्योंकि इसका खामियाजा सुहाना, खुशी कपूर, वेदांग रैना और अगस्त्य नंदा को भुगतना पड़ा। जोया ने आगे कहा, 'उन सबने वही किया, जो मैंने उन्हें करने को कहा। मुझे ये चीज पसंद नहीं आई कि उन सबको परेशान किया गया। ये सही नहीं था, सब मेरी जिम्मेदारी थी। इसलिए मैं खुद को दोषी महसूस कर रही थी, लेकिन उन सबने मुझे कहा कि आपको दोषी महसूस करने की जरूरत नहीं है।'

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे अमेरिकी विमान को मिली धमकी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी से दिल्ली आने वाली अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट को खतरे के कारण डायवर्ट किया गया है। विमान में बम होने की सूचना मिलने के बाद इसे रोम की ओर मोड़ दिया गया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, उड़ान के बीच में फ्लाइट पर संभावित सुरक्षा खतरा के देखते हुए इसे रोम के फिमिसिनो एयरपोर्ट पर इमरजेंसी डायवर्जन करना पड़ा है। अमेरिकन एयरलाइंस के प्रवक्ता के अनुसार, न्यूयॉर्क सिटी से नई दिल्ली आ रही अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट AA292 में बम होने की सूचना मिली। जिसके बाद इसे रोम की ओर डायवर्ट कर दिया गया है। यह बोइंग 777-300ER फ्लाइट आज सुबह जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। वहीं, फ्लाइट को मिली धमकी के बाद इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (ICAO) पूरी तरह हरकत में है। एविएशन सिक्योरिटी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। आस-पास के फ्लाइट रूट पर नजर रखी जा रही है। यूरोपियन एयर ट्रैफिक कंट्रोल को भी पूरी तरह अलर्ट कर दिया गया है। फ्लाइट के रोम के फिमिसिनो एयरपोर्ट पहुंचने तक सभी अलर्ट पर हैं। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

### PM मोदी के बिहार दौरे से पहले गरमाई सियासत

**पटना।** बिहार में राजनीतिक माहौल गरमा गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 9.80 करोड़ किसानों को 22,700 करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक दिन पहले ही बिहार पहुंचे। उन्होंने दरभंगा में मखाना किसानों से मुलाकात की और हाल ही में घोषित 'मखाना बोर्ड' के गठन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मखाना बोर्ड किसानों की राय लेकर ही बनाया जाएगा, न कि दिल्ली से कोई आदेश जारी किया जाएगा। प्रधानमंत्री के दौरे पर विपक्ष ने निशाना साधा है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह दौरा विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। वहीं, चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने भी कहा कि मोदी अब बिहार पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि यहां चुनाव नजदीक हैं। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए किशोर ने कहा, 'अब जब बिहार में चुनाव होने वाले हैं, तो यह बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री की नजर राज्य पर होगी। इससे पहले, वे महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में व्यस्त थे।' मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने राजद नेता तेजस्वी यादव के इस आरोप को खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री ने कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बिहार को कार्यक्रम के लिए चुना है।

### लॉकअप में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**बदायूं।** बदायूं पुलिस के लॉकअप में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। युवक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस की थर्ड डिग्री टॉर्चर से बचने के लिए युवक ने चूहे मारने की दवा खा ली है। वहीं रात भर बयान देने से बचने का प्रयास करती रही पुलिस ने रविवार को सफाई दी है। कहा कि चचेरे भाई से झगड़े के बाद युवक अपनी पत्नी के साथ पुलिस चौकी आया था और यहां बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हुई है। मृतक की पहचान फैजगंज बेहटा के आसफपुर कस्बा निवासी जगतवीर (42) के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) केके सरोज के मुताबिक चौकी में चूहे मारने की दवा खाने के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने बताया कि दो भाइयों के बीच झगड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसके बाद जगतवीर अपनी पत्नी के साथ पुलिस चौकी आया और किसी कारणवस यहीं पर बेहोश हो गया था। पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी। दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने पुलिस पर मामले की दबाने का आरोप लगाया।

# थरूर के तेवर से कांग्रेस में हलचल

## केरल इकाई में मतभेद गहराए

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केरल में एलडीएफ सरकार की प्रशंसा करने पर कांग्रेस के साथ मतभेद की अफवाहों के बीच कांग्रेस सांसद ने पार्टी को अपने बागी तेवर दिखाए हैं। शशि थरूर ने कहा है कि वह पार्टी के लिए उपलब्ध हैं, हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। हालांकि, थरूर ने पार्टी बदलने की चर्चाओं को खारिज करते हुए कहा कि भले ही पार्टी में उनके विचारों में मतभेद हो, लेकिन वह पार्टी छोड़ने में विश्वास नहीं करते।

उन्होंने बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। कांग्रेस नेता की टिप्पणी हाल ही में केरल सरकार की नीतियों और



वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक की प्रशंसा करने के बाद आई है। उनकी पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर टिप्पणी को पार्टी ने पसंद नहीं किया था। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए थरूर ने कहा कि उनके पास 'संकीर्ण राजनीतिक विचार' हैं और वह खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचते हैं।

### केरल में पार्टी के विस्तार को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को नए मतदाताओं को हासिल करने के लिए केरल में अपने आधार का विस्तार करने की आवश्यकता है और उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी की राज्य इकाई में नेता की कमी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई सदस्य उनके इस विचार का समर्थन करते हैं कि पार्टी की केरल इकाई में स्पष्ट नेता की कमी है। स्वतंत्र संगठनों द्वारा किए गए जनमत सर्वेक्षणों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि इन सर्वेक्षणों ने उन्हें राज्य के नेतृत्व के मामले में दूसरों से आगे रखा है। तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद रहे थरूर ने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस अपनी अपील को व्यापक बनाने में विफल रही, तो उसे केरल में लगातार तीसरी बार विपक्ष में बने रहने का जोखिम उठाना पड़ सकता है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि रविवार को यह पूछे जाने पर कि क्या 'आपके और पार्टी के बीच सब ठीक है? शशि थरूर ने कहा, 'कोई टिप्पणी नहीं'

### थरूर की टिप्पणी से भड़के केरल प्रदेश अध्यक्ष

दूसरी ओर, केरल कांग्रेस के अध्यक्ष के सुधाकरण ने शशि थरूर के बयान पर कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य के तौर पर थरूर को पार्टी अनुशासन में रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'वह पार्टी में अहम पद पर हैं और उनके पास पार्टी के भीतर से बदलाव लाने का मौका है। खुली आलोचना से पार्टी को कोई फायदा नहीं होता है।' थरूर के दृष्टिकोण को नापसंद करने के बावजूद सुधाकरन ने वरिष्ठ नेता के प्रति अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा थरूर के साथ खड़ा रहा हूं और आगे भी ऐसा ही करता रहूंगा।' उन्होंने कहा कि उन्होंने थरूर से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन असफल रहे।उन्होंने भरोसा जताया कि थरूर अपनी आलोचनात्मक टिप्पणियों के बावजूद पार्टी नहीं छोड़ेंगे। सुधाकरन ने यह भी कहा कि थरूर के बयानों का मकसद पार्टी को मजबूत करना था। उन्होंने आश्वासन दिया, 'केपीसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं किसी भी चिंता को दूर करने और पार्टी के कामकाज में जरूरी सुधार लाने की पूरी कोशिश करूंगा।'

# स्वच्छ भारत मिशन ने दी दुनिया को नई प्रेरणा: योगी आदित्यनाथ

एजेंसी | महाकुंभ नगर



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने दुनिया को स्वच्छता के प्रति एक नई प्रेरणा दी है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, महाराष्ट्र के समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती के अवसर पर यहां सेक्टर 1 के गंगा पंडाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'गाडगे जी महाराज ने अपने अनुयायियों और भक्तों के बीच कीर्तन करने, अंधविश्वास को किसी भी तरह से रोकने और रूढ़ीवाद एवं जातिवाद पर प्रहार करने के साथ ही स्वच्छता को लेकर व्यापक जनजागरण किया।'

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी, तो लोगों को लगता था कि इससे क्या होगा, लेकिन स्वच्छ भारत मिशन पूरे भारत का मिशन बन गया है और पूरी दुनिया भारत की स्वच्छता को देखकर अभिभूत है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'इसी अभियान का परिणाम है कि लोग गांव गांव में स्वच्छता को लेकर जागरूक हुए हैं और स्वच्छता के मानक पर भारत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बना हुआ है। इससे ना केवल नारी गरिमा की रक्षा हुई, बल्कि यह दुनिया के लिए एक नई प्रेरणा बना है।' संत गाडगे महाराज महाराष्ट्र के समाज सुधारक थे। वह सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और विशेष रूप से स्वच्छता से संबंधित जागरुकता फैलाने के लिए विभिन्न गांवों में जाते थे। उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को हुआ था और 20 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया था।

## गुजरात में भीषण सड़क हादसा

# पश्चिम बंगाल से गिर घूमने गए 5 पर्यटकों की मौत, 10 घायल

एजेंसी | सुरेन्द्रनगर

सुरेन्द्रनगर में भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इस दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के पांच पर्यटकों की मौत हो गयी है। जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इनमें पांच लोगों की हालत नाजुक है। यह सभी पर्यटक टैंपो ट्रैवलर में सवार होकर दीव और गिर भ्रमण के लिए आए थे। सुरेंद्र नगर से गुजरते समय इनकी गाड़ी किसी अन्य वाहन से टकरा गई। इस हादसे में दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

यह जानकारी सुरेंद्र नगर के चूड़ा थाना पुलिस ने दी। मौके पर पहुंचे थाने के दरोगा जेएन गमारा ने



बताया कि यह हादसा रविवार की शाम करीब साढ़े चार बजे लिंबडी तालुका के नवी मोरवाड़ गांव के पास हुआ है। सभी पर्यटक टेंपो ट्रैवलर में सवार होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जा रहे थे। इतने में यह हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसे में मृत पर्यटकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### दीव और गिर भ्रमण करने गए थे पर्यटक

घायल यात्रियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि ये लोग दीव और गिर भ्रमण केलिए गए थे। मंगलवार को इनकी अहमदाबाद से फ्लाइट थी, लेकिन उससे पहले यह हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक मृतकों में दो महिलाएं और तीन पुरुष हैं। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। इन सभी घायलों को उपचार के लिए जिले के सायला स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### परिजनों के आने पर होगा पोस्टमार्टम

यहां डॉक्टरों ने पांच पर्यटकों की हालत नाजुक बताई है। उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। इसी प्रकार शेष पांच पर्यटकों को मामूली चोटें आई हैं। इन सभी को आवश्यकता के मुताबिक इलाज दिया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हादसे में मृत पर्यटकों के शवों का पोस्टमार्टम उनके परिजनों के आने के बाद कराया जाएगा।

# अमेरिका से निकाले गए 12 भारतीयों की इस बार दिल्ली में हुई लैंडिंग

एजेंसी | नई दिल्ली

संयुक्त राज्य अमेरिका से पनामा भेजे गए 12 भारतीय नागरिकों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। यह पनामा से वापस लाए जाने वाले भारतीयों का पहला जत्था है। इससे पहले अमेरिका लगभग 332 अवैध अप्रवासी भारतीयों को निर्वासित किया था जो यूएस में अवैध रूप से एंट्री करने की कोशिश कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, पनामा से हाल ही में भारतीय नागरिकों का एक जत्था तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट से इस्तांबुल होते हुए नई दिल्ली पहुंचा। निर्वासित लोगों में से चार पंजाब के, तीन-तीन हरियाणा और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। फिलहाल एक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।पंजाब के विभिन्न जिलों के चार निवासियों को विमान से अमृतसर भेजा गया है।

पनामा और कोस्टा रिका संयुक्त




राज्य अमेरिका के साथ काम कर रहे हैं ताकि निर्वासित प्रवासियों को वापस भेजने में मदद मिल सके। इस प्रयास के तहत अमेरिका विभिन्न एशियाई देशों के अवैध प्रवासियों को इन मध्य अमेरिकी देशों में ट्रांसफर कर रहा है, जिन्होंने या तो घर लौटने से इनकार कर दिया है या जिनकी सरकारों ने उन्हें स्वीकार करने से इनकार कर दिया है।

बता दें कि बीते दिनों अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पनामा पहुंचे थे, जहां उन्होंने पनामा के राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि पनामा निर्वासित लोगों के देशों के बीच ब्रिज का काम करेगा और निर्वासितों के उनके देश भेजने का पूरा खर्च अमेरिका उठाएगा। इसके बाद पिछले हफ्ते तीन विमानों से करीब 299 लोगों को पनामा भेजा गया था। अमेरिका से पनामा भेजे गए अवैध अप्रवासियों की जानकारी मिलने पर विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पनामा के लिए निर्वासन फ्लाइट्स के बारे में कुछ रिपोर्ट देखी हैं और नई दिल्ली जानकारी की पुष्टि कर रही है कि संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक हैं या नहीं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए मीडिया को बताया, 'एक बार वेरिफिकेशन डिटेल्स पूरी हो जाने के बाद, इन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की व्यवस्था की जाएगी।' अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में अमेरिका में 1.1 करोड़ लोग अवैध रूप से रह रहे थे। जिनमें सबसे अधिक नागरिक मैक्सिको, ग्वाटेमाला, अल सल्वाडोर और होंडुरास के थे। वहीं, भारत की बात करें तो अमेरिका में अवैध तरीके से रह-रहे भारतीयों की संख्या में गिरावट आई है। 2018 में जहां 4.8 लाख भारतीय अवैध रूप से अमेरिका में रह-रहे थे। वहीं, 2022 में यह संख्या घटकर 2.2 लाख हो गई थी।

# MCD के 12,000 संविदा कर्मचारियों को आतिशी का गिफ्ट, की स्थायी करने की घोषणा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मंगलवार को अपने सदन की बैठक के दौरान 12,000 संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने के संबंध में घोषणा करेगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने रविवार को यह जानकारी दी। महापौर महेश खिंची, उप महापौर रविंदर भारद्वाज और सदन के नेता मुकेश गोयल के साथ संवाददाता के दौरान दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 'आप' के नेतृत्व वाली एमसीडी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज आतिशी ने कहा कि, 'बीते दो वर्षों में हमने 4,500 (संविदा) कर्मचारियों को




स्थायी किया है। अब 25 फरवरी को एमसीडी सदन की बैठक में हम सफाई कर्मचारियों, कनिष्ठ अभियंताओं, वरिष्ठ अभियंताओं, माली और अन्य संविदा कर्मचारियों सहित सभी विभागों में 12,000 से अधिक कर्मचारियों को नियमित करने जा रहे हैं।" आतिशी ने पंजाब में 'आप' नीत सरकार के शासन के साथ तुलना करते हुए कहा कि वहां अस्थायी शिक्षकों को स्थायी किया जा रहा है, जिससे श्रमिकों के अधिकारों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता झलकती है। वहीं आतिशी ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि यह पार्टी अक्सर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने से बचने के लिए बहाने बनाती है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि भाजपा अपने वादों से बचने की कोशिश करेगी। इसलिए, नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति से पहले, हमने सुनिश्चित किया कि दिल्ली सरकार अपनी वित्तीय स्थिति को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करे।' इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने आम आदमी पार्टी के तहत दिल्ली की आर्थिक वृद्धि पर प्रकाश डाला और कहा कि जब पार्टी ने 2015 में पहली बार सरकार बनाई थी, तो शहर का बजट 30,000 करोड़ रुपये था।

# 'विदेशी भाषा क्यों?'

## अपनी मातृभाषा में करें बात: मोहन भागवत

एजेंसी | गुवाहाटी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को गुवाहाटी में बौद्धिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए संगठन के सभी स्वयंसेवकों से जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा से परे विभिन्न समूहों के बीच मैत्री बढ़ाने की अपील की। मोहन भागवत ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को भोजन, आवास, यात्रा और यहां तक कि अपनी अभिव्यक्ति के अनुरूप भाषा का प्रयोग करना चाहिए। सभी को अपने दैनिक कार्यों में विदेशी भाषाओं का उपयोग करने



के बजाय मातृभाषा में बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि भागवत शुक्रवार को अपने छह दिवसीय दौरे के तहत गुवाहाटी पहुंचे, जहां वे संघ के सदस्यों से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने के संबंध में विचार-विमर्श करेंगे। यह यात्रा संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में किए जा रहे दौरों का हिस्सा है।

### सभी समूहों के बीच मैत्री को बढ़ावा दें

दूसरी ओर, पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार संघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भागवत ने स्वयंसेवकों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच मित्रता और सद्भाव बढ़ाने का आग्रह किया, चाहे उनकी जाति, पंथ, क्षेत्र या भाषा कोई भी हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी हिंदुओं को आपसी सम्मान और सहयोग की भावना से समान मंदिर, श्मशान और जल स्रोतों का उपयोग करना चाहिए।

# 'भ्रष्टाचार खत्म कर रहा हूं'

## अवैध विदेशी नागरिकों के निर्वासन पर बोले राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन सख्ती बरत रहा है। इन लोगों को निर्वासित किया जा रहा है। इस बीच यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अवैध विदेशी नागरिकों के निर्वासन पर बयान सामने आया है, जिसके मुताबिक उन्होंने निर्वासन के फैसले को सही ठहराया है। ट्रंप का कहना है कि उनका प्रशासन भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। वाशिंगटन के बाहर कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है यूएस प्रशासन धोखेबाजों, ठगों और डीप स्टेट नौकरशाहों (बाहरी ताकतें जो सरकार के निर्णयों को प्रभावित कर सकती हैं) को घर भेज रहा है। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन को अपनी प्रमुख नीति बना लिया है, जिसके तहत इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।




### अवैध अप्रवासियों के प्रवेश पर प्रतिबंध

20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। ट्रंप का मानना है कि अन्य देशों के लोग अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते हैं और अपराध करते हैं। यहां नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा आप्रवासियों के पास है, यही कारण है कि अमेरिकियों को नौकरियां नहीं मिलतीं। वहीं होमलैंड सुरक्षा विभाग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि तीन फरवरी तक उसके एजेंटों ने 8,768 लोगों को गिरफ्तार किया था।

# लूटे गए हथियार सरेंडर के लिए 7 दिन काफी, नहीं करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई: मुख्य सचिव

एजेंसी | मणिपुर

मणिपुर के मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा है कि लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सरेंडर करने के लिए सात दिन का समय काफी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई हथियार छोड़ना चाहता है, तो यह एक दिन में भी किया जा सकता है। तय समय सीमा खत्म होने के बाद सुरक्षा बल इन हथियारों को जब्त करने की कार्रवाई करेंगे। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को लोगों से अपील की थी कि वे लूटे गए और अवैध हथियारों को सात दिनों के भीतर बिना किसी सजा के डर के सरेंडर कर दें। मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा, 'हथियारों का आम जनता के पास होना खतरनाक स्थिति है। लूटे गए या अवैध हथियार समाज के लिए खतरा हैं। इनका बरामद किया जाना बेहद जरूरी है।'



### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। इसके पहले मुख्यमंत्री एन। बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ गई थी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर विधानसभा को 2027 तक के कार्यकाल के बावजूद निलंबित कर दिया गया है।

### राज्यपाल की अपील के बाद हथियार सरेंडर

गौरतलब है कि राज्यपाल की अपील के बाद हाल ही में मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग गांव में असम राइफल्स के सामने 16 हथियार और गोला-बारूद सरेंडर किया गया। सुरक्षा बलों और राज्य प्रशासन के साथ हुई चर्चाओं के बाद जोमी और कुकी समुदाय के नेताओं ने स्थानीय जनसंपर्क किया और 22 फरवरी को चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग गांव में स्वेच्छा से पहले लॉट के हथियार समर्पण किए। समर्पित हथियारों में एक एम-16 राइफल, एक 7.62 मिलीमीटर एसएलआर, दो एके राइफल्स, तीन इंसास राइफल्स, दो एम-79 ग्रेनेड लॉन्चर, और अन्य हथियार शामिल थे।

### शांति बहाली की कोशिशें

मुख्य सचिव ने कहा कि 'हाईवे खोलना, सामान्य स्थिति बहाल करना और दोनों समुदायों के बीच विश्वास बढ़ाना बेहद जरूरी है। सभी चाहते हैं कि यह संकट खत्म हो, और समाज में शांति लौटे।'